this, I demand that the defectors' government at Srinagar headed by G.M. Shah should be immediately dismissed and the Assembly is to be dissolved.

SHRI SOMNATH CHATTERJEE (Jadavpur) : What is the present rate ?

SHRI CHITTA BASU : You can bargain.

Election is to be held and they should recall the Government which is responsible for this reprehensible attack and assault of the parliamentary democracy. (*Interruptions*).

I think Dr. Farooq Abdullah had committed one sin and that sin is that he made himself a co-partner in the struggle for the restoration of democracy in our country. His only crime was that he began the struggle of fighting against the trend of authoritarianism in the country along with other left and democratic forces of our country. He did not play to the tune of Mrs. Indira Gandhi. That was his sin. But I know it was not a sin. By his participation in the democratic movement in the rest of the country the process of integration of the people of India with the people of Jammu and Kashmir has been further strengthened and it remains to be strengthened—it must be strengthened —and by the action you have taken, if you allow me to say, you have disrupted that process of integration. This is a dangerous thing. Therefore, I would only request you that in the interest of the nation's unity and integrity, in the interest of preservation of parliamentary democracy in our country, such reprehensible steps are to be halted and I have made certain demands which should be considered.

Incidentally, I want to say one thing. Some have raised the demand that Article 370 of the Constitution which provides special status to Jammu and Kashmir should be scrapped. I am in disagreement with that demend. As a matter of fact, that should be retained and preserved and that will strengthen the democratic forces, secular forces in Jammu and Kashmir, and that will be a bridge between the secular and democratic people of India and the secular and democratic forces of Jammu and Kashmir which is an integral part of India.

MR. DEPUTY-SPEAKER : The House stands adjourned to meet at 2 p.m. The first speaker after Lunch will be Dr. Rajendra Kumari Bajpai.

12.59 hrs.

The Lok Sabha ajdurned for Lunch till Fourteen of the Clock.

The Lok Sabha re-assembled after Lunch at eight minutes past Fourteen of the Clock.

[Mr. DEPUTY-SPEAKER *in the Chair.*]

DISCUSSION *RE.* RECENT DEVELOPMENTS IN JAMMU AND KASHMIR —(*CONTD.*)

डा० राजेन्द्र कुमारी बाजपेयी : (सीतापुर) माननीय उपाध्यक्ष जी, मेरे से पहले माननीय सदस्य श्री चित्त बसु साहब कह रहे थे कि फारुक साहब की सरकार को जो बर्खास्त किया गया, वह संविधान के अनुसार नहीं है और गर्वनर साहब ने संविधान के अनुरूप काम नहीं किया। मैं समझती हूं हमारे प्रजातंत्र में, हमारे देश में, ऐसी स्थिति एक बार नहीं बल्कि अनेकों बार और अनेक राज्यों में आई है। रुलिंग पार्टी के अल्पमत में आ जाने से ही गवर्नमैंट बदली है। यह जरूरी नहीं है कि उसके बाद तुरन्त ही गवर्नर रूल लागू किया जाय। दोनों तरह की मिसाल हमारे सामने मौजूद है। मैं, उत्तर प्रदेश से आती हूं। उत्तर प्रदेश की एक घटना आपके सामने रखना चाहती हूं। एक अप्रैल 1967 की बात है। हम सब असेम्बली में बैठे हुए थे। माननीय चौधरी

[डा० राजेन्द्र कुमारी वाजपेयी]

चरण सिंह, उस समय हमारी कांग्रेस पार्टी के प्रमुख नेताओं में से थे। माननीय स्वर्गीय श्री चन्द्रभानु गुप्ता जी उस समय के हमारे मुख्य मंत्री थे, वे वहां बैठे हुए थे। चौधरी साहब सदन के अन्दर ही अपने 17 साथियों के साथ, इधर से उठकर दूसरी तरफ चले गए।

गुप्ता जी ने एक मिनट नहीं लगाया न इधर देखा, न उधर देखा और तुरन्त स्पीकर साहब के सामने खड़े होकर कहा कि अध्यक्ष जी, मैं अब आपसे प्रार्थना करता हूं कि सदन की प्रोसीडिंग्स बंद कर दी जाएं और मैं गवर्नर साहब से मिलने जा रहा हूं। उसके बाद वे सीधे उठ कर गवर्नर साहब के पास गए और उनको अपना इस्तीफा पेश कर दिया। इसको डैमोक्रेटिक प्रोसैस कहते हैं और यही आदर्श वे उपस्थित करना चाहते थे। जैसे ही उनकी पार्टी अल्पमत में आई, उन्होने कुर्सी पर बैठे रहना उचित नहीं समझा। उन्होंने ऐसा नहीं कहा कि कल को सदन की बैठक बुलाई जाएं उसमें शक्ति परीक्षण हो और वहां यह देखा जाए कि बहुमत किस के साथ है। यह आदर्श और रास्ता उस समय गुप्ता जी ने हमारे सामने रखा।

जब उस समय चौधरी चरण सिंहजी उधर चले गए तो प्रजातंत्र की हत्या नहीं हुई थी, लेकिन हमारे विरोधी दल में बैठे हुए भाई कहते हैं कि यह प्रजातंत्र के ऊपर बहुत बड़ ब्लो है, और इस कार्यवाही से प्रजातंत्र पर गहरा धक्का लगा है। आज वे जुलूस बना कर राष्ट्रपति के सामने जाते हैं।

अब मैं यहां आपको दूसरा उदाहरण देना चाहती हूं।

PROF. SAIFUDDIN SOZ (Baramulla): Does it mean that you salute defection ?

MR. DEPUTY-SPEAKER: Mr. Soz, your name is here. I will call you.

(*Interruptions*)

PROF. SAIFUDDIN SOZ: I want to understand.

MR. DEPUTTY-SPEAKER: It takes time for you to understand.

DR. RAJENDRA KUMARI BAJPAI: मैं केवल यही बताना चाहती हूं जैसा आपने कहा कि गवर्नर को चाहिए था कि वह इस बात का फैसला विधान सभा का सत्र बुला कर करते। हाउस के फ्लोर पर टैस्ट होना चाहिए था और उसके बाद ही गवर्नर साहब को डिसमिसल आर्डर करने थे।

दूसरा उदाहरण में आपको और देना चाहती हूं। जब उत्तर प्रदेश में हम लोग चौधरी चरण सिंह जी की कोलीशन मिनिस्ट्री में थे और हम मिनिस्टर्स की संख्या 28 हुआ करती थी। उस समय प्रीवि-पर्स के ईश्यू पर चौधरी चरण सिंह जी ने पार्टी के लोगों का साथ नहीं दिया, जिस कारण कांग्रेस सरकार को एक मत से हारना पड़ा। उसी समय हम मंत्री लोगों ने यह निर्णय कर लिया कि अब हम चौधरी चरण सिंह जी के साथ इस मामले पर नहीं रहेंगे। जिन्होंने यह वायदा किया था कि वे दिल्ली में तो श्रीमती इंदिरा गांधी का साथ देंगे और लखनऊ में हम लोगों का साथ देंगे। लेकिन उन्होंने अपने इस वायदे का उल्लंघन किया। इसी कारण हम लोगों ने उसी दिन अपना इस्तीफा कांग्रेस के प्रेजीडैंट को भिजवा दिया और हम लोग

एकत्रित रुप से गवर्नर साहब के पास गए। उस समय चौधरी साहब ने कहा कि हम तो मंत्रियों का डिसमिसल करेंगे। परन्तु ऐसे कोई चीफ मिनिस्टर को, जिसके साथ बहुमत नहीं रहरा है, हम मंत्रियों को डिसमिस करने का कोई अधिकार नहीं था, इसलिए वे हमें उस समय डिसमिस नहीं कर सकते थे। इसी कारण उनकी बात तब भी नहीं सुनी गई। इसलिए जो चीफ मिनिस्टर अल्पमत में हो जाता है, सांवैधानिक रूपसे हाउस को डिस्सौल्यूशन करने का उसे कोई अधिकार नहीं रहता इसलिए जम्मू और कश्मीर सरकार के साथ वहां के गवर्नर ने कोई गैर सांवैधानिक काम नहीं किया। फारुक सरकार अल्पमत में आ गई थी और इसी कारण उसको बखस्ति किया गया।

प्रो० सैफुद्दीन सोज : मेरी दरख्यास्त है कि आप पहले कांसटीटयूशन पढ़िये।

(व्यवधान)

डा० राजेन्द्र कुमारी बाजपेयी : आप पढ़ कर के बोलियेगा। जब कोई भी सरकार अलपमत में हो जाती है तो हमेशा यही होता है कि दूसरे चुने हुए लोग आल्टरनेटिव गवर्नमेंट बना सकते हैं। उसका चांस गवर्नर साहब देते हैं। इसीलिए ऐसा चांस जम्मू और कश्मीर में भी मिल सकता था, क्योंकि 12 वे लोग हो गए थे और कांग्रेस पार्टी के 26 मैम्बर्स तथा एक इंडीपैन्डैन्ट मेम्बर को मिलाकर वे सरकार बनाने में समर्थ हो गए थे, समक्ष हो गए थे, इसीलिए उनको सरकार बनाने के लिए निमंत्रण दिया गया। यह कोई नई बात नहीं है। हम लोगों में से किसी ने वहाँ की नई मिनिस्ट्री में ज्वाइन नहीं किया है, कांग्रेस का कोई भी नेम्बर वहाँ मिनिस्टर नहीं है। हमने पावर के लिए भी ऐसा नहीं किया। जो सही बात है उसको सुनना चाहिए यह भी डेमाक्रेसी है। कश्मीर में यह कोई नई चीज नहीं है जिस समय सैयद मीर कासिम मुख्य मंत्री थे.....

प्रो० मधु दंडवते (राजापुर) : माननीया बाजपेयी जी, अगर आपकी इजाजत हो तो आपके उत्तर प्रदेश का एक और उदाहरण देता हूं। आचार्य नरेन्द्र देव और उनके साथी 1948 में जब कांग्रेस पार्टी से अलग हो गये तो सारे लोगों ने असेम्बली पद से इस्तीफा दे दिया था और चुनाव लड़े। सारे के सारे असफल रहे, लेकिन वह इस सिद्धान्त के लिये लड़ते रहे।

प्रो० के० के० तिवारी (बक्सर) : माननीय दंडवते जी, आप माननीय जार्ज फर्नान्डीस से पूछें कि एक दिन पहले तक तो मोरार जी भाई का सपोर्ट करते रहे और दूसरे दिन चौधरी चरण सिंह के लोक दल के साथ मिल कर सरकार बना ली।

डा० राजेन्द्र कुमारी बाजपेयी : मैं उस बात को कह रही हूं कि जो नेता लोग आज डिफैक्शन की बात कर रहें हैं और कहते हैं कि कश्मीर में डैमोक्रेसी की हत्या की गई है, मैं उनका जबाब दे रही हूं। जो डिफैक्शन की बात कहते हैं और उसी के बल पर जीवित हैं और जिसके गल पर उनकी जिन्दगी की अभिलाषा पूरी हुई, वह हमें उपदेश दे रहे हैं।

कश्मीर में जब सैयद मीर कासिम की सरकार थी और देश के हित में हमने उचित समझा तो 1975 में हमने शेखसाहब को अपनी पूरी सरकार देकर कहा कि आप सरकार चलायें और सैयद मीर कासिम

[डा० राजेन्द्र कुमारी वाजपेयी]

ने रिजाइन किया। तो कांग्रेस ने सदा देश हित, कम्युनल हारमनी के इंटरेस्ट में त्याग और बलिदान का रास्ता दिखाया है। पावर से चिपके रहना कांग्रेस ने नहीं सिखाया। और यही इस बार हुआ है कि हमारे लोग कश्मीर मिनिस्ट्री में नहीं शामिल हुए हैं। चौधरी साहब कहते हैं कि डेमोक्रेसी को बड़ा भारी ब्लो लगा है। चौधरी साहब जब देश के प्रधान मंत्री बने तो क्या उनके साथ बहुमत था ? वह भी अल्पमत थे। दूसरे की मदद से वह प्रधान मंत्री बने रहे। बाहर मदद करने वाले लोगों ने जब हाथ खींच लिया तो 6 महीने से ज्यादा एक दिन भी प्रधान मंत्री होकर, इस सदन के लीडर होकर नहीं आ सके। तो उस समय उनको नहीं सुझाथा कि सदन में उनका बहुमत है कि नहीं ? उस समय तो उनको फिक्र थी कि उनकी जिन्दगी की अभिलाषा पूरी हो रही है, वह प्रधान मंत्री बन रहे हैं चाहें उनके साथ बहुमत हो या नहीं।

आज क्या हो रहा है कर्नाटक में वहां श्री हेगड़े की सरकार है बाहर रहकर बी० जे० पी० सहायता कर रही है। अल्पमत की उनकी सरकार है। हर स्टेट में जहां जिसको जो सहूलियत होती है उसके हिसाब से लोग काम करते हैं। हर एक राजनीतिक दल अपनी क्वनीनियेंस का ख्याल करके चल रहा है, और हमें नैतिकता की शिक्षा दी जा रही है। वह लोग जो खुद नैतिकता से बहुत दूर जा कर देश की राजनीति चला रहें हैं, वह हमें शिक्षा देते हैं। जिसके लिए वकालत कर रहे हैं विरोधीं दलों के नेतागण, में पूछना चाहती हूं ? जिसके लिए आप बात करने जा रहे है उन्होंने कश्मीर के अन्दर अराष्ट्रीय तत्वों से हाथ मिलाया। आप उनकी वकालत कर रहे है ? वह कह रहे है कि यह गलत हुआ है। मैं तो कहना चाहती हूं कि आज उनका आपस में डिवीजन हुआ है।

श्रीमती प्रमिला दंडवते (बम्बई-उत्तर-मध्य) : चुनाव के पहले आप उनके साथ समझौता कर रहे थे। चूंकि ब्रेक हो गया समझौता इसलिए उसको गिरा रहे हैं, यह दुनिया जानती है।

डा० राजेन्द्र कुमारी वाजपेयी : हमारी बहन को मालूम नहीं है इसलिए ज्यादा क्रोध में बोल रही हैं हमने कभी उनके साथ समझौता नहीं किया, आप उस समय के अखबार और स्टेटमेंट देखिये। फारुक अब्दुल्ला ने जो कुछ कहा अपनी तरफ से कहा···मैं तो काश्मीर की इन-चार्ज जेनेरेल सेक्रेटरी हूं। मैं जानती हूं हर बात को—उस समय की भी बात को कि हम लोगों ने अपनी तरफ से कोई बात नहीं की, स्वयं उन्होंने अपनी तरफ से कहा। **(व्यवधान)**

प्रो० सैफुद्दीन सोज़ : क्या राजीव जी मौलवी फ़ारूक़ के घर नहीं गए ?

پروفیسر سیف الدین سوز: کیا راجیو جی مولوی
فاروق کے گھر نہیں گئے -

डा० राजेन्द्रकुमारी वाजपेयी : नहीं। **(व्यवधान)**

आचार्य भगवान देव (अजमेर) : उपाध्यक्ष महोदय, इनको रोकिए, नहीं तो इनको भी बोलने नहीं दिया जाएगा। **(व्यवधान)**

डा० राजेन्द्रकुमारी वाजपेयी : उपाध्यक्ष महोदय, आज हमारे सम्मानित नेतागण कुछ बातों को लेकर कह रहे हैं कि काश्मीर में ऐसा हो गया, वैसा हो गया और यह अन्याय है, वह अन्याय है। मैं

कहना चाहती हूं कि जब काश्मीर का हमारे देश के साथ मर्जर हुआ और काश्मीर हमारे देश का अभिन्न अंग बना, उस वक्त भी मौलवी फारूक.....

प्रो० सैफुद्दीन सोज : किस पार्टी ने यह इलहाक, एक्सेशन, कराया था ?

پروفیسر سیف الدین سوز : کس پارٹی نے یہ الحاق ایکسیشن کرایا تھا ۔

MR. DEPUTY-SPEAKER : We must know the facts from all sides. We must be tolerant. The others are tolerant when you speak. Why has a discussion been allowed ? Let us try to know all the facts.

डा० राजेन्द्रकुमारी बाजपेयी : उस समय काश्मीर के जनप्रिय नेता स्वर्गीय शेख अब्दुल्ला थे, जो महान देशभक्त थे । उन्होंने काश्मीर को देश के साथ मिलाया और काश्मीर भारत का एक अंग हुआ, लेकिन काश्मीर में उस वक्त भी मौलवी फारूक थे, जिनकी उस समय मुस्लिम कांफरेंस थी, जो बाद में अवामी लीग बनी । उन्होंने दिल से इस बात को कुबूल नहीं किया था और इसलिए उनकी कार्य-वाहियां चली आ रही थीं । काश्मीर हमारी राष्ट्रीय एकता का प्रतीक है, जहां हमेशा सैकुलर दृष्टिकोण रहा है, वहां यह पार्टी है, जिसका वही हरा झंडा है, जो मुस्लिम लीग के कम्युनल सिद्धान्तों को मानने वाली है, जो साम्प्रदायिक तत्वों को लेकर कम्युनल काम और बातें करने वाली है । शेख साहब ने करीब पचास वर्ष तक कभी उसको स्वीकार नहीं किया था । जब तक शेख साहब जीवित रहे, उन्होंने कभी भी मौलवी साहब के साथ किसी तरह का समझौता नहीं किया, सैद्धान्तिक समझौता नहीं किया । ऐसी स्थिति थी कि दोनों में एक तरह से बोल-चाल भी नहीं थी । शेख साहब कट्टर नैशनलिस्ट थे और इन बातों को पसन्द नहीं करते थे ।

काश्मीर के इलैक्शन में क्या हुआ ? जब मैं काश्मीर वैली में गई, तो मैंने देखा कि नैशनल कांफरेंस के लाल झन्डे के साथ-साथ मौलवी फारूक का जो हरा झंडा है, जिसमें चांद और सितारे बने हुए हैं, जिसको एक बार कोई देखे, तो समझे कि पाकिस्तान का झंडा है, वे दोनों एक-साथ सिले हुए थे और वे हर जगह लगे हुए थे ।

(*Interruptions*)

MR. DEPUTY-SPEAKER : You can interrupt only if the yields.

PROF. SAIFUDDIN SOZ : I am not raising any controversy. There is a difference between the Pakistani flag and a religious flag.

मजहबी झंडे और पाकिस्तानी झंडे में फर्क है ।

مذہبی جھنڈے اور پاکستانی جھنڈے میں فرق ہے ۔

MR. DEPUTY-SPEAKER : You can repudiate all these things when your turn comes. Let us have an orderly discussion.

डा० राजेन्द्रकुमारी वाजपेयी : उपाध्यक्ष महोदय, मैंने कहा है कि देखने में ऐसा लगता है हरा झंडा और उसमें चाँद सितारा बना हुआ, मानो कि वह पाकिस्तानी झण्डे की तरह हो । वह देखने में ऐसा लगता था । उस में थोड़ा बहुत तो फर्क हो सकता है कि उसमें बिन्दियां इधर हों या उधर हों या चांद दूसरी तरह का बना हो, यह सब तो हो सकता है, लेकिन वह फहरा रहा था दोनों तरफ । तो जहां पर कि शेख साहब ने कभी ऐसे एलीमेंट्स के, ऐसे साम्प्रदायिक तत्वों और शक्तियों के साथ हाथ नहीं मिलाया, आज फारूक

[डा० राजेन्द्र कुमारी वाजपेयी]

अब्दुल्ला ने अपने एलेक्शन में जीतने की दृष्टि से हर ऐसे सम्भव उपाय किये जिस से कि वह जीत कर वहां के चीफ मिनिस्टर बने रहें। तो यह यहां से काश्मीर वैली में जो जहर आना था वह आ गया जो कि इसके पहले नहीं था। यहीं से इसकी शुरूआत होती है। जब किसी गलत आदमी का साथ लिया जाता है तो फिर उसकी कीमत भी चुकानी पड़ती है। यही चीज फारूक अब्दुल्ला साहब के साथ भी हुई।

उनका इतिहास भी ऐसा है, जब वह पढ़ते थे और बाहर थे तब भी उनके कान्टैक्ट्स बाहर ऐसे लोगों के साथ हुए जो कि काश्मीर को अलग करने की बात सोचते या समझते थे कि भारत से उसको लिबरेट किया जाय या जो संस्थाएं बाहर काम कर रही थीं, इंग्लैंड में थीं उनसे वह मिलते रहे, उनका सम्पर्क उनसे रहा। अमान उल्ला खां जो कि काश्मीर लिबरेशन फ्रंट के लीडर थे और जो बाहर आपरेट करते थे उन सब लोगों के साथ इनका व्यक्तिगत सम्बन्ध रहा है। तो एकदम दिमागी तौर से वह बदल नहीं सकते थे। जब भारत आए और उनके हाथ में शक्ति आई तो उन्होंने उन लोगों के साथ अपना सम्पर्क रखा और यही कारण है कि जो जमाते इस्लामी और जमाते तुलवा है, जो कि उसका मिलिटेंट हिस्सा है, उनका लड़कों का यंग फोर्स है, उनको इन्होंने बढ़ावा देना शुरू किया। थोड़े ही समय में उनको बढ़ावा देना शुरू किया। वह बढ़ावा दिया तो फिर ये लोग वह नारे लगाने लगे जो काश्मीर वैली में पहले कभी नहीं सुने जाते थे। शेख साहब के वक्त में लोगों की हिम्मत नहीं हो सकती थी जिन नारों को लगाने की वह फारूक अब्दुल्ला के वक्त में लगाए गए।

हमें याद है कि जब एलेक्शन की मीटिंग्स हो रही थी, श्रीमती इन्दिरा गाँधी की आखीरी एलेक्शन की मीटिंग जब काश्मीर में हुई तो, हमें शर्म आती है यह कहने में सदन के सामने, लेकिन उस वक्त नेशनल कान्फ्रेंस के लोगों को कहिए, या मालूम नहीं उनके साथ मिले हुए जो लोग थे या उन्होंने जिन लोगों के द्वारा इस काम को करवाया था यह हम नहीं जानते लेकिन कुछ लोगों ने एक तरह से नंगे होकर के प्रदर्शन किया था और यह देश की सबसे बड़ी नेता के सामने हुआ। इतनी शर्मनाक तरह की बातें हो रही थीं। जो बोल रही हूं यह कोई गलत नहीं है, रिपोर्ट की बात कह रहा हूं, यह रिकार्ड की बात मैं कह रही हूं जो कहीं पर भी लोग समझ सकते हैं और जान सकते हैं। कितनी कारें हमारी उस दिन तोड़ी गई थीं जब कि वह निकल कर जा रहे थे ? उसके बाद क्या हुआ ? हर जगह जो मीटिंग होती थी उसमें ऐसा होता था। यह जो बीज पड़ा, आज कहते हैं आप कि नेशनल इन्टीग्रेशन हम तोड़ रहे हैं, जिसके लिए आप वकालत कर रहे हैं फारूक अब्दुल्ला की ? फारूक अब्दुल्ला ने क्या किया ? हर मीटिंग में यह कहा कि असम में तो मुसलमानों के साथ ऐसा हो गया, जम्मू में हिन्दुओं के वोट तो इनको मिलेंगे, मुसलमानों को इन्हें वोट नहीं करना चाहिए और इस तरह की तमाम बातें कहते रहे।

ये सारा चीजें शुरू हुई तो काश्मीर में कांग्रेस को हिन्दू बना करके और दूसरे लोगों को मुसलमान करके ऐसी चीजें शुरु की गई जिससे इस चेंज की जो शुरूआत हुई वह आगे चलकर बढ़ती गई। क्रिकेट मैच के वक्त अक्तूबर में जो नारे लगे,

वह आप जानते हैं। पहली बार इस तरह के नारे लगे। और भी जो घटनाएं धीरे-धीरे होती गई वह सबको मालूम हैं। मैं इसलिए इन बातों को कह रही हूं कि एक तरफ तो इनके आपस के झगड़े की वजह से नेशनल कान्फरेंस के अन्दर जो विभाजन हुआ उसकी वजह से ये दो हिस्सों में बंटे। अब उनके ही लोग थे, उनकी ही पार्टी के अन्दर विभाजन हुआ जिससे इनकी गवर्नमेंट गई। हम लोगों ने तो बाहर से सपोर्ट किया। लेकिन साथ-साथ जो एन्टी नेशनल फोर्सेज थीं, ये उनकी मदद कर रहे थे। पंजाब के जो एक्स्ट्रीमिस्ट्स थे, ये उनके कैम्प्स वहां लगा रहे थे। सभी जानते हैं—9 गुरमत कैम्प्स वहां पर हुए, जिनमें 6 जम्मू में लगे और 6 काश्मीर में लगे, आखरी कैम्प पुंछ में लगा और फारूक अब्दुल्ला जो भिण्डरां-वाले के साथ थे, वहां गए तथा नारे लगाये गये। वहां पर जो फायरिंग हुई, उसमें एक आदमी मारा गया, लेकिन उसकी रिपोर्ट भी नहीं लिखी गई। इस तरह से वह एक्स्ट्रीमिस्ट लोगों को बढ़ावा देते थे।

मैं उन दिनों अखबारों में पढ़ती थी कि फारुक अब्दुल्ला साहब गुरुद्वारों में बहुत ज्यादा जाने लगे हैं, आखिर इसके पीछे मामला क्या था ? धीरे-धीरे राज खुला कि गुरुद्वारों मे जाकर वह एक्स-ट्रीमिस्टस के साथ ताल्लुकात बढ़ाने की कोशिश कर रहे हैं। जितनी बार वह भिंडरां वाले से मिले, हम लोगों के पास तस्वीरें हैं, उतनी बार हमेशा अकेले में मिले। भिंडरां वाला आमतौर पर जब भी किसी से मिलता था तोउसके अपने लोगों के साथ मिलता था, विरोधी दलों के बहुत से नेता जानते होंगे, वे भी जब भी उससे मिलने गए होंगे। उसके दूसरे साथी भी साथ देते थे, लेकिन इनके साथ वह अकेले में मिलता था। क्या बात थी, जो अकेले मिलता था ? जो कश्मीर का लिब्रेशन फ्रंट इंगलैंड में है, उन के नेता और पंजाब के एक्स्ट्रीमिस्ट्स के साथ उनकी सांठगांठ थी। पंजाब के स्वर्ण मन्दिर परिसर में जब आर्मी गई, उसके बाद काश्मीर में जो नारे लगाये गये, जिस तरह से डिमांस्ट्रेशन करवाया गया, उससे स्पष्ट है कि एन्टी नेशनल फोर्सेज को इतने दिनों से इनकी तरफ से बढ़ावा दिया जा रहा था जिससे वे ताकतें उभर कर सामने आ रही थीं। उनको बढ़ावा देने में फारुक अब्दुल्ला की गवर्नमेंट का बहुत बड़ा हाथ था।

आप मैच ही की बात को ही लीजिये इतनी बड़ी बात हुई, सबसे पहले तो उन की गवर्नमेन्ट ने किसी को अरेस्ट नहीं किया जब उनको यहां से कहा गया तो बहुत मुश्किल से एक-दो लोगों को अरेस्ट किया, लेकिन बाद में फिर छोड़ दिया गया। जहाँ तक देश की इन्टीग्रिटी ओर कम्यूनल हारमानी की बात है—शेख अब्दुल्ला साहब ने काश्मीर को एक सैकुलर स्टेट बनाया था, जिस पर हमारे देश को नाज था, गर्व था और आज भी हमें उन पर नाज और गर्व है, लेकिन डा० अब्दुल्ला ने जो किया, एक बार्डर स्टेट होने के नाते भी उसको बरदाश्त नहीं किया जा सकता। यूं तो, उपाध्यक्ष महोदय, यह इनकी आपस की बात हैं, इनकी अपनी पार्टी का विभाजन हुआ है, लेकिन वहां जो घटनायें हो रही थीं, उनको देखते हुए सारा राष्ट्र चिन्तित था। वहां पर ऐसा एन्टी नेशनल काम करने वाला मुख्य मंत्री हो और जहां पर इस तरह का काम हो रहा हो, क्या उस-को देखकर भी केन्द्रीय सरकार चुप बैठी रहती वहां पर जो कुछ हुआ है, उनकी अपनी पार्टी का इन्टरनल मामला था, लेकिन उसके बावजूद भी देश की पब्लिक

[डा० राजेन्द्र कुमारी वाजपेयी]

ओपीनियन वहाँ पर जो कुछ हुआ उसको देखते हुए महसूस करती थी कि वहां जो कुछ हो रहा था वह ठीक नहीं था, क्योंकि वहां की लीडरशिप देश को कमजोर कर रही थी।

...(व्यवधान)...

SHRI E. BALANANDAN (Mukundapuram) : Mr Deputy-Speaker, Sir, we are discussing here a very serious problem. My friends sitting on the other side may please kindly take note of the fact that the whole opposition jointly said that in Kashmir 'operation butchery of democracy' has taken place.

SOME HON. MEMBERS : Oh, no, no.

SHRI E. BALANANDAN : My friendy here are making fun of it. You think that you are having the monopoly of patriotism in the country and you hold that you are the only people who love the country, and the rest of the people in the Opposition do not know anything about patriotism, unity of country, etc. I do not know where this kind of thinking will lead to.

Let us apply some simple logic and exmine the issue. Just before elections in Kashmir, the Congress-I had discussions with Mr. Farooq Abdullah for coalition in the general elections. That did not take place. My hon. lady member said that everything has to be taken in a broader dimension. All righ. Now, I am saying this. The next day after the elections took place and the National Conference Party in Kashmir formed the Government, the very next day, that party became anti-national, and the Congress-I Party has cheeks to say that all the elections were rigged. they have even filed cases against 42 members of the National Conference, out of a total of 46, including those company of thirteen muskteers who have come to this side. Immediately these thirteen have become national, who were with Shri Farooq Abdullah and the National Conference till then.

PROF. MADHU DANDAVATE : I object to him Sir. He connot call them that. They were great "patriots."

SHRI E. BALANANDAN : We were patient enough to hear the arguments from the Ruling Party Benches, and our points should also be heard. If we are wrong, we are willing to be corrected. On July second, when these people, who were till then on the other side, came all of a sudden to this side, they became patriots. Till the other day they were all anti-national people. Things cannot be seem this way. This is my first submission.

Secondly, when the Ruling Party comes to the Opposition in any State, immediately all the conventions are flouted. When the Congress Party is in opposition, they go to the speaker's chamber and bully him and sit there. They will go to the Chief Minister's Office, take the chair and send the Chief Minister out. That is how the Congress-I as an Opposition Party functions in our country.

SHRI G. NARSIMHA REDDY (Adilabad) : He connot go on like this Sir. It is not parliamentry.

(*Interruptions*)

MR. DEPUTY-SPEAKER : He is not mentioning about the Parliament. You can express your views when you speak in your turn.

SHRI G. NARSIMHA REDDY : Will you allow him to make wrong allegations?

SHRI E. BALANANDAN : Then, the cry of uncertainty, a cry that law and order has gone astray and so many other things are raised. Well, I have no objection if Congress-I wants to change some Government in some State. Let them do it. But the Congress-I, as the Ruling Party in the centre, i.e. the Ministers should not

say any thing like that. In the Party meetings at Calcutta or Bombay or at some other meeting, our Prime Minister Smt. Indira Gandhi has told that the law and order in Kashmir is gone and therefore that Govenment should be dismissed. Two Ministers, Shri Gulam Nabi Azad and Shri Arif Mohammad Khan have gone from here to Kashmir to take stock of the situation. They gave a memo to the Rashtrapati saying that this Government may be dismissed. Allegtions are now being brought forward. So many other stories were told. So, I say that the Congress-(I) was out to create trouble in Kashmir. They wanted to see that the Government of Dr. Farooq Abdullah was sent out. (*Interruptions*) For that, they were trying to find *alibis*. As *alibis*, you may quote shoutins of slogans in favour of Pakistan. We do not support that kind of slogans.

I give you some information, Sir. During the Malappuram bye-elections in Kerala, one seethy Haji, MLA who is a Minister, spoke at five public meetings, in which after he finished the delivery of his speach, he asked the people to stand up and say : 'Pakistan Zindabad'. What happened ? Finally, the Bhartiya Janata Party took opjection to this, and submitted a memorandum to the Governor of Kerala saying that this kind of anti-national slogans were being raised in Kerala. What action did they take ? They have taken no action.

We are discussing this point of dismissal, Let us see how this operation was conducted. Mr. B.K. Nehru was Governor there. He was contacted by a few MLAs who wanted to change sides. He told them, appropriately, that the question of strength in the Assembly should be tested in the Assembly alone, not in the Governor's residence ; and that too, at midnight. It should be tested in the Assembly alone. That was the convention. He said : 'On this basis alone I can act.' Then, to smoothen this operation, the major step taken by the Government of India was to send Mr. Jagmohan as the Governor there. What did he do ? I am not going to narrate the whole story.

On 24th June, these 12 MLAs sent a letter to him saying that they were changing sides.

SHRI SOMNATH CHATTERJEE : Drafted by whom ?

SHRI E. BALANANDAN : Drafted perhaps by himself ; I do not know. But at the same time, what is his duty ? The duty of the Governor is not to keep it in his pocket. It is only the Governor who has deviated. He should immediately inform the Chief Minister that he has got a letter in which 12 MLAs have said that they are not in that party. Whatever it is. But our great Governor did not say anything to the Chief Minister. He kept it in his pocket. He air-dashed to Delhi, and consulted people, and went back. (*Interruptions*)

This is the high drama of butchery of democracy : on the night of Ist, Mr. Shah and others came to the Governor's residence and gave this letter. Immediately, the Governor said : 'Don't talk. Sit there in a corner. I shall call you." This way, he kept them there in the vicinity of Governor's place, and on 2nd morning, he phoned up the Chief Minister of the State to come. At 7.30, he came. The Governor said : "This is the letter." A photo copy of it was given. "About 12 people have changed sides" Naturally, the Chief Minister said : "All right ; this has to be tested in the Assembly. I have to consult my colleagues ; and I shall send a reply." He went back, and then wrote back to him, saying two things, very important things. People who talk of so many things should tell us : "Has the Governar got the duty to obey the law of the land ?" He may be a Congress (I) man. He wants the party to be built up. I have no objection. But he has to do it according to law. What is the law ? (*Interruptions*) Or at least, he must show that he was acting according to law.

[Shri E. Balanandan]

Dr. Farooq Abdullah said : 'I may be given a chonce to test my strength in the Assembly. If not, you have to dissolve the Assembly and order early elections in the State." This was the letter written. As per the Constitution now in force in Kashmir, the Chief Minister's advice on this is final.

Another argument was made by the lady Member, viz. that the majority was not with him at that time. May I ask her : 'Tomorrow is the 31st. The Governor who was satisfied so much about the majority of those people, had his own doubts. Why is he saying that on month time was given to test the strength ? The fun of the matter is that 13-1=14 MLAs from the other side were taken and sworn in as Cabinet Ministers. Is it not corruption when we are against bribery and all kinds of other things ? We claim to be honest men and people who are in the House are honest : and the government is also supposed to maintain moral standard. Is it the moral standard ? In Kashmir, there were only 5-6 Cabinet Ministers. Now, when the Congress-I Government came, all the 14 are Cabinet Ministers.

After receiving a letter, the Governor contacted the Central Government and with their help, he had brought in reserve police from Madhya Pradesh and U.P. Till 3.30 Dr. Farooq Abdullah was the Chief Minister of J&K. He did not know about it. The reserve police came in early in the morning. Not only that, army had been alerted. Can it be done above the Chief Minister and the State Government ? You are respecting democracy and the Constitution of India. The Constitution does not say that this can be done by the Governor. If that is so, then why shoutd there be a State Government and the people of the State want to have their own Government ?

Friends on the other side talk about national unity and integrity of the country. They say that it has to be prescrved and protected. By all means, it has to be protected and preserved. But through whom are you going to do it ? The people of J&K wanted to have their own government. They have done it through adult franchise and brought in a majority government. They have also passed anti-defection law in Kashmir. As per the law, if anybody changes his side, he will have no voting right.

Mr. Jagmohan may be a big man. I do not dispute his quality, etc. But as State Governor, he has got no right to judge it ; he should have referred it to a court and found out whether the change of side was correct or not. How can he decide about it when there is a particular law ? Beyond that, how can he go ?

When an opposition government was installed in Kashmir, all of a sudden, they started raising an objection to destabilise the government ; and they had finally bought certain MLAs by giving them the status of a Minister and a lot of money. I do not know how much. If you act this way in one State in other States, the same thing may happen ; in many other States, this has become the order of the day. There is a recent case of Sikkim. Mr. Bhandari, who had a majority, had been dismissed. Then Mr. Gurung was brought in. Then next day, Mr. Bhandari came to Delhi with 15 MLAs and Mr. Gurung's government was dismissed. Now, the president's Rule is there. What do you mean by the Governor's rule ? Governor's rule means that the State Government's rule is practically handed over to the military. Now, Jammu and Kashmir is under special situation and military is there ; and the militarv is going to control the affairs over there. What has happened in Punjab ? If you don't want to take the people of country into confidence or the people of a State, then who will keep the unity and the integrity of the country ? This thing you have forgotten. So I want to say two or three things. The opposition parties met and demanded that Mr.

Jagmohan, Governor of J&K, who has conducted the operation 'muder democracy' has to be recalled and Mr. Shah has to be dismissed immediately and elections should be ordered. It is our advice. Congress Party should uuderstand the importance of these suggestions. Today, if you want to keep the integrity of the country intact, at least you keep intact democracy that we have adopted in this country.

Today you are talking of national unity. But what is taking place in the country ? You are against communalism Are you ? Congress Party is ruling in my State. They are in coalition with 13, 14 partins which are basad on community, caste and religion. But they are saying that they are against communalism. (*Interruptions*) These facts are unpalatable though as a nation unity has to be maintained. The Home Ministher has said that the unity of the country should be maintained. I join with him when he says that antinational forces have to be dealt with firmly. But I want him to have his heart searched and see whether the policies which they are following will lead to integrity and unity of the country. Therefore, I request the ruling Party to accept our suggestions. That is the only correct path for protecting democracy.

श्री जैनुल बशर (गाजीपुर) : उपाध्यक्ष जी, मैं अपने दो विरोधी दलों के नेताओं की बात बड़े गौर से सुन रहा था। मुझे अपनी सरकार से दूसरी शिकायत है। मैं, यहां पर जुलाई-14 के ब्लिट्ज की एक खबर के कुछ अंश पढ़ना चाहता हूं ।

> "This alliance between the Akali extremists and Kashmiri secessionists was not a sudden development. Both sides had been working for it since early 1983, and during his private talks with Bhindrawale in the Golden Temple, Farooq Abdullah, according to Intelligence source, promised all help and facilities he needed from the J&K Goverment.
>
> This is how, these sources say, nearly 100 sikh Students' Federation activists came to be employed in the State's Education Department, the "Dashmesh" regiment established a base in Nanakpura in Jammu and some Akali terrorists escaped to Pakistan via Jammu."

मैं गृह मंत्री जी से पूछना चाहता हूं कि यह जो खबर निकली है, क्या उनको इंटैलिजेंस सोर्सेज से यह पता चला था कि जम्मू-कश्मीर गवर्नमेंट की पंजाब के उग्रवादियों से कोईसांठ-गांठ थी ? कोई साँठ गांठ थी, कोई गठबंधन था और सिक्ख स्टूडैंटस फैडरेशन के 100 आदमियों को वहां के शिक्षा विभाग में नौकरियां दी गई थीं। कुछ लोग जम्मू और कश्मीर गवर्नमेंट की सहायता से पाकिस्तान भाग गए थे। अगर ये सारी बातें सही थीं तो उसी समय जम्मू और कश्मीर की सरकार को बर्खास्त क्यों नहीं किया गया ? उसी समय जम्मू और कश्मीर की सरकार के खिलाफ कार्यवाही क्यों नहीं की गई ?

14.55 hrs.

[SHRI R. S. SPARROW *in the Chair*]

सभापति जी, अभी हमारे मित्र बालानन्दन जी कह रहे थे कि कांग्रेस पार्टी के बम्बई और कलकत्ता अधिवेशनों में जम्मू और कश्मीर सरकार के खिलाफ बातें की गई। हम लोग जरूर जम्मू और कश्मीर सरकार के खिलाफ बात करते थे और कांग्रेस पार्टी हमेशा से सरकार का ध्यान इस तरफ दिलाती थी कि वहां एन्टी

[श्री जैनुल बशर]

नेशनल तत्वों की गतिविधियां बराबर बढ़ती जा रही हैं । ये बे-बुनियाद बातें नहीं थीं । उस समय भी सबको मालूम था और अब भी यह बात खुलकर सामने आ रही है कि जबसे जम्मू और कश्मीर में फारूख अब्दुल्ला की गवर्नमेंट आई है, तबसे वहां देशद्रोही शक्तियां ताकत पकड़ रही थीं।

यहां पर क्रिकेट मैच का जिक्र किया गया, वहां प्रो-पाकिस्तानी नारे लगे लेकिन वे नारे तब वहां लगे जबकि जम्मू और कश्मीर के मुख्यमंत्री वहां बैठे हुए थे और उनके साथ वहां के कुछ मंत्री भी थे। लेकिन उसके खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं हुई। कुछ लोगों को गिरफ्तार किया, महज दिखाने के लिए और बाद में उनको भी छोड़ दिया गया।

पंजाब के एक्ट्रीमिस्टस और भिण्डरां-वाले के साथ जम्मू और कश्मीर के चीफ मिनिस्टर की बराबर बातचीत होती रही। मैं समझता हूं कि हमारी इंटैलीजैंस इतनी कमजोर नहीं है कि उनके बीच क्या बात-चीत होती थी, उसका पता हमारी सरकार को न हो। सरकार को उन सारी डैवलपमैंटस का पता जरूर रहा होगा। ये गतिविधियां बराबर बढ़ती रहीं।

पंजाब के एक्स्ट्रीमिस्टस बराबर कश्मीर में जाकर पनाह लेते रहे और अपने को सुरक्षित रखते रहे । वहां ट्रेनिंग लेते रहे और कई ट्रेनिंग कैम्प वहां आयोजित किए गए। उसके बारे में इस सदन में भी सवाल उठाये गए और यहां होम मिनिस्टर साहब ने हमें बताया कि इतने-इतने कैम्प लगे। ...(व्यवधान...)जम्मू और कश्मीर की सरकार को भी लिखा गया कि उनके खिफाफ कार्यवाही करें। हमारे गृह मंत्री जम्मू-कश्मीर की सरकार को उनके विरूद्ध कार्यवाही करने के लिए लिखा गया परन्तु कई पत्र लिखे जाने के बाबजूद भी कोई कार्यवाही नहीं की गई। दो-चार आदमियों की जरूर धरपकड़ की गई, लेकिन उसके बाद उनको छोड़ दिया गया ।

वे सारी गतिविधियां चलती रहीं। हमारी सरकार की जानकारी में यह बात थी तो मेरी सरकार से यही शिकायत है कि फारूक अब्दुल्ला की सरकार को जरुरत से ज्यादा छूट क्यों दी गई। अगर यह छूट न दी गई होती, उसी समय जम्मू-कश्मीर की सरकार को बर्खास्त कर दिया गया होता तो शायद आज हम लोग जो सुन रहे हैं, उसके सुनने की नौबत न आती।

मैं सरकार की मन्शा को अच्छी तरह समझती हूं कि उसने ऐसा क्यों किया । क्यों कि जम्मू कश्मीर में बहुत दिनों के बाद साधारण स्थिति वापस आई थी। जम्मू और कश्मीर एक संवेदन-शील राज्य है और पीछे वहाँ जो कुछ हो चुका है, उससे हमारे सभी माननीय सदस्य अवगत हैं, बड़ी मुश्किल से वहाँ सामान्य और साधारण स्थिति को लाया जा सका था। ऊसके लिए कांग्रेस की सरकार को कुर्बानी देनी पड़ी थी। हमारे प्रधान मंत्री जी ने कांग्रेस की चुनी हुई सरकार को वहाँ हटाया था, जिसके नेता उस समय के मुख्य मंत्री सैयद मीर कासिम थे और उन को हटा कर शेख अब्दुल्ला को जम्मू और कश्मीर का मुख्य मंत्री बनाया गया। उस समय उनका एक मेम्बर भी जम्मू और कश्मीर असैम्बली में नहीं था। उसके बाब-जूद भी उनको वहाँ का मुख्य मंत्री बनाया गया, उनकी सरकार वहाँ बनी। केवल इस

की जा सके। कश्मीर में भी वैसी स्थिति हो जो हिन्दुस्तान के दूसरे राज्यों में है। इसमें कोई शक नहीं कि शेख साहब जब तक जीवित रहे, उन्होंने जम्मू और कश्मीर में सामान्य स्थिति बहाल रखी, अपने समय में जन्होंने देश-द्रोही तत्वों को दबाये रखा, उनको पनपने नहीं दिया। उस समय देश-द्रोही तत्वों की हिम्मत नहीं थी कि कश्मीर की सड़कों पर या श्रीनगर की सड़कों पर पाकिस्तान जिन्दाबाद के नारे लगाये जाएं। किसी की हिम्मत नहीं थी कि देश-द्रोह की बातें की जाएं। अब हमारे शेख साहब जीवित नहीं है। जब उनके बाद फारूक अब्दुल्ला साहब वहां के मुख्य मंत्री बने तो भी हम लोगों को कोई ऐतराज नहीं था। क्योंकि हमारी सरकार और हमारी पार्टी यह समझती थी कि वे भी शेख साहब के पद चिन्हों पर चलेंगे और जो सामान्य स्थिति उन्होंने कश्मीर में बना रखी थी, वे उसको कायम रखेंगे और उसमें और सुधार करेंगे। फारूक साहब हमारे साथ संसद के भी सदस्य रहे हैं और हम लोगों के साथ उनकी मुलाकात है हमें। ऐसा नहीं लगता था कि जब फारूक साहब जम्मू और कश्मीर जाएंगे, वहां के मुख्य मंत्री बनेंगे तो ऐसे लोगों के घेरे में पड़ जाएंगे, जो एन्टी नेशनल एलीमेंटस हैं मैं अपने कश्मीर के साथियों से पूछना चाहता हूं कि क्या यह बात सही नहीं है कि फारूक अब्दुल्ला ने उन लोगों के साथ दोस्ती की जिनको शेख अब्दुल्ला साहब ने कभी मुंह नहीं लगाया था।

प्रो० सैफुद्दीन सोज : आप गलत बोल रहे हैं।

श्री जैनुल बशर : मैं गलत नहीं, सही बोल रहा हूं। आप सही बोल लीजिएगा शेख साहब ने कभी ऐसे तत्वों से कोई ताल्लुक नहीं रखा था जो देश द्रोही या एन्टी नेशनल तत्व थे। शेख अब्दुल्लासाहब का उनसे कोई सारोकार नहीं था और वे उनको ठीक रखे हुए थे, दबाये हुए थे। लेकिन कश्मीर का दुर्भाग्य है और साथ ही इस देश का दुर्भाग्य है कि फारूक अब्दुल्ला साहब इन तत्वों के घेरे में आ गए, बल्कि मैं तो यहां तक कह सकता हूं कि उन तत्वों के राजनीतिक बन्दी बन गए थे, उनके राजनीतिक कैदी हो गए थे। मुझे फारूक साहब की नियत पर कोई एतबार नहीं है। लेकिन उन्होंने चुनाव के समय इन तत्वों से हाथ मिलाया, यह उनकी गलती थी। चुनावों के समय वे हमारे साथ मिलने की बात कर रहे थे ताकि चुनाव गठबन्धन किया जा सके। कांग्रेस ने भी चुनावों में नेशनल कान्फरैंस के साथ गठबन्धन करने की, कोशिश की, इसमें बुराई वाली कोई बात नहीं है। कांग्रेस और नेशनल कान्फरैंस मिलकर चुनाव लड़ सकते थे, क्योंकि दोनों राष्ट्रीय पार्टियां थी। उस समय नेशनल कान्फरैंस में अराष्ट्रीय तत्व शामिल नहीं थे। यदि दोनों पार्टियां मिलकर चुनाव लड़तीं तो उसमें कोई बुराई की बात नहीं थी। लेकिन फारुक अब्दुल्ला को उन्हीं तत्वों ने ऐसा नहीं करने दिया और वे उनके हाथों की कठपुतली बन कर रह गए, उनके मजबूर होकर रह गए। फारूक अब्दुल्ला यह समझने लगे कि जब तक इन तत्वों का साथ नहीं मिलेगा, वे चुनाव नहीं जीत सकते और आगे नहीं बढ़ सकते। शायद यही कारण था कि उन्होंने इन तत्वों को जरुरत से ज्यादा छूट दे दी और खुलकर

[श्री जैनुल बशर]

हमारे सामने आये । जिन दिनों वहाँ इलैक्शन हो रहे थे, तो श्रीनगर की सड़कों पर किस तरह भारत के खिलाफ बातें कही जा रही थीं, नारेबाजी की जा रही थी, किस तरह देश-द्रोह के चर्चे हो रहे थे, वह खुली बात है कोई ढ़की या छिपी बात नहीं है। उसको हमारे विरोधी दल नेता लोग भी जानते हैं, सारे देश की जनता जानती है और हम सभी लोगों को मालूम है कि उस समय जम्मू और कश्मीर में लोग क्या कह रहे थे, वे कौन से तत्व थे और कौन लोग थे जो इस तरह की हरकत कर रहे थे। मैं यहां किसी पर आक्षेप नहीं करना चाहता, सोज साहब के बारे में भी नहीं कहता, शेख अब्दुल्ला साहब को भी नहीं कहता या नेशनल कान्फरैंस के किसी नेता पर उंगली नही उठाता, लेकिन मेरी शिकायत है कि उन तत्वों के आपके साथ मिल जाने के कारण ही उनकी हिम्मत पड़ गई। क्या उनको यह हिम्मत पड़ गई कि वे देश-द्रोह की बातें करें। कि वह देश-द्रोह की बात करें, एंटी नैशनल बातें करें। चुनाव में जो कुछ हुआ सबके सामने है। चुनाव जीतने के बाद फारूक साहब उनके कैदी बन रहे हैं, कुछ भी नहीं कर सकते थे। मैं उनको दोषी नहीं ठहराता। लेकिन लोगों को शुबहा हो सकता है उनके पिछले इतिहास से, लन्दन में जो उन्होंने किया था उससे लोगों को शुबहा हो सकता है, पाकिस्तान में उन्होंने किस प्रकार का भाषण दिया था। जब लन्दन से कश्मीर में आते थे । तो क्या बातें करते थे। हम समझते थे फारूक साहब बदल गये वह शेख साहब के पद चिन्हों पर चलेंगे जिसकी उन्होंने कसम खाई थी । लेकिन बाद में साबित हुआ कि यह सब गलत था। वह शेख अब्दुल्ला के पद चिन्हों पर नही चल रहे थे। वह कश्मीर को दूसरी तरफ ले जाना चाहते थे।

जब पंजाब में उग्रवादियों का आतंक बढ़ा तो फारूक साहब की उनके साथ दिलचस्पी का क्या कारण था ? उनका बार-बार उनसे मिलना, उनसे बात करना, यह क्या इशारा करता है ? इससे क्या नतीजा निकाला जा सकता है ? सिवाय इसके कि वह इस गठबन्धन में जानबूझ कर या अनजाने में शामिल थे। उन्हें पता रहा हो या नहीं, लेकिन वह शामिल कर लिये गये थे। और इसके पीछे वही तत्व थे जिनका वह साथ किये हुए थे। उन तत्वों को उन्होंने खुली छूट दे रखी थी, बल्कि उन तत्वों के कहने पर वह काम करने लगे थे। और जो बात थी वह सामने आयी। मेरी तो सरकार से यही शिकायत है कि उस समय क्यों नहीं कश्मीर सरकार को बर्खास्त किया गया ? आपने बेहद छूट दी जनतंत्र के नाम पर। जब पंजाब में श्रीदरबारा सिंह की सरकार को, जो कि अपनी पार्टी की सरकार थी, बर्खास्त किया जा सकता है तो कश्मीर में छूट देने की क्या बात थी ? प्रधान मंत्री ने बहुत अधिक नर्मी दिखाई, जरूरत से ज्यादा। शायद इसलिये कि कश्मीर का एक स्पेशल स्टेटस है। बार-बार यहां से वहां गया कि फारूक साहब सम्भल जायें, जिस रास्ते पर चल रहे थे उससे वापस आ जायें। इसके बाद भी सरकार को हमने नहीं हटाया, सरकार ने डिसमिस नहीं किया। वह डिसमिस हो गए अपने झगड़े में और अपने घर के झगड़े में। यह तो एक फैमिली झगड़ा था। गुलाम मोहम्मद शाह उनके बहनोई हैं, खालिदा उ की बहन हैं, तारिक अब्दुल्ला उनके भाई हैं। और कुछ नेशनल कानफरेंस के मेम्बर्स इकट्ठे हो गये, उनके साथ मिल गये। आज से नहीं जब से गुलाम मोहम्मद शाह को मुख्य

मंत्री नहीं बनाया तब से वह इस ताक में थे कि नेशनल कानफरेंस की सरकार, या फारूक अब्दुल्ला को सरकार को गिराया जाय। और उसमें यह कामयाब हो गये। सरकार गिर गई इसमें हमारा क्या दोष हैं ? हम एक राजनीतिक पार्टी हैं, विरोधी दल में बैठते हैं। अगर हमको स्थिति अच्छी लगे जो लोग आये हैं दूसरी पार्टी से उनको हम समर्थन दें; तो जरूर देंगे। आखिर आपने भी तो यही किया है। अभी डा० राजेन्द कुमारी बाजपेयी बता रही थी 1967 में क्या हुआ ? 17 विधायक टूटकर कांग्रेस से चले गये और विरोधी दल के लोगों ने उनको सरकार बनाने के लिये समर्थन दिया। मध्य प्रदेश में गोविन्द नारायण सिंह ने भी यही किया, उनको भी विरोधी दल के लोगों ने समर्थन दिया। उनकी सरकार बनी, छोड़िये 1979 में जब पाटिल साहब महाराष्ट्र के मुख्य मंत्री थे तो शरद पवार साहब ने क्या किया था ? वह कांग्रेस (एस) और कांग्रेस (आई) की मिली-जुली सरकार से अलग हो गए और जनता पार्टी ने उनका साथ दिया। एक नहीं अनेक ऐसी मिसाले हैं कि इन पार्टियों ने डिफेक्टर्ज, दल-बदलुओं, को सरकार बनाने में मदद दी और उन्होंने सरकार बनाई।

1979 में दिल्ली में पार्लियामेंट में क्या हुआ ? वह तो हाल की घटना है। श्री दंडवते उस समय मंत्री थे। उनको याद होगा। जनता पार्टी में पूरी तरह से फूट पड़ गई। श्री जार्ज फर्नान्डीज उस समय अविश्वास-प्रस्ताव के डिस्कशन में सरकार का बचाव कर रहे थे, मगर दूसरे दिन वह खुद जनता पार्टी को छोड़कर चले गए। काफी संख्या में सदस्य जनता पार्टी से अलग हो गए। श्री मोरार जी देसाई ने नैतिकता के आधार पर इस्तीफा दे दिया। जब कांग्रेस पार्टी ने चौधरी साहब को प्रधान मंत्री बनने में मदद दी, तो उसने कोई गलत काम नहीं किया। हमने देश-हित में जो ठीक समझा, वह किया। लेकिन श्री दंडवते एक बात को मानेंगे कि हमने उनकी सरकार नहीं गिराई थी, उसके लिए हमने डिफंक्शन्ज इंजीनियर नहीं किए थे। उनकी सरकार अपनी कमी की वजह से गिरी थी।

प्रो. मधु दंडवते (राजा पुर) : अपनी सरकार को गिराने की ताकत तो हम लोगों में भी थी।

श्री जैनुल बशर : उस ताकत का आपने पूरा-पूरा इस्तेमाल किया, उसमें आपने कोई कमी नहीं रहने दी।

उस समय हमारी राजनैतिक मंशा यह कहती थी कि हम उस सरकार का समर्थन करें और हमने उस सरकार का समर्थन किया। तो अब इस बात को बुरा क्यों कहा जा रहा है ? क्यों आज हमें दोष दिया जाता है कि हमने फारूक अब्दुल्ला की गवर्नमेंट को गिराया। हमने उनकी गवर्नमेंट नहीं गिराई। उनकी गवर्नमेंट को नैशनल कांफरेंस के कुछ लोगों ने मिल कर गिराया है ? हमने अपनी राजनीति और देश के हित में यह मुनासिब समझा कि हम श्री शाह को सरकार बनाने में समर्थन दें और हम उनको समर्थन दे रहे हैं। जब तक हम राष्ट्र-हित में जरूरी समझेंगे, तब तक हम उनको समर्थन देंगे और जब जरूरी नहीं समझेंगे, तब अपना

[श्री जैनुल बशर]

समर्थन वापस ले लेंगे। यह फैसला करना हमारा काम है कि हमारी स्ट्रेटेजी क्या हो और हम किस तरह से काम करें। दूसरे लोगों को इस बारे में सलाह देने की आवश्यकता नहीं है। कल अगर कर्नाटक में किन्हीं कारणों से सरकार गिर जाए, तब भी हमारे मित्र कहेंगे कि उसमें हमारा हाथ है। क्या हम कर्नाटक में कुछ कर रहे हैं ?

SHRI C.T. DHANDAPANI (Pallachi) May I make a statement ? Normally, in the dismissal of the State Government or whatever may be, the Governors are agents of the Central Governments. They act as the agents of the Central Government. Either the Governor or the Speaker has to decide and if he automatically dismisses the Government, where will be the opportunity to convene a meeting ? and prove the majority ?

SHRI GEORGE FERNANDES : I think the hon. Home Minister understands me and I understand the Home Minister. if the ruling party members cannot understand that is not my fault.

SHRI P.V. NARASIMHA RAO : I just wanted to know the factual position From recollection, our hon Members can tell me. It is only for my edification. You go on.

SHRI GEORGE FERNANDES : My point is not whether this has been implemented or this has been accepted. What concerns me is the utter contempt which the Jammu & Kashmir Government shows towards the authority of those Governors who made their recommendation, and to the office of the man who appointed that Committee, namely, the President of India. That is my concern. I will quote this. I want the hon. Home Minister, if he has not gone through the paper, to kindly bear with me and listen.

"In our view"—he is speaking now with a royal prerogative—"if ever such a recommendation was made"—look at the contempt – "by the Governors Committee, it was wholly unwarranted, unjustified and unsupported by the Constitution". Each one of these Governors was appointed by this Prime Minister. The President was elected by an electoral college of which many of us are members. And here is a Chief Minister—you despise my calling him a puppet Chief Minister—who has the audacity and arrogance to say that even if such a recommendation was made...

SHRI P.V. NARASIMHA RAO : If he had been a puppet, he would not have said that.

SHRI GEORGE FERNANDES : There are occasions when puppets also learn to cock a snook. Your puppet has already started cocking a snook at you. Let me warn you that Mr. Gul Shah was the man, who, on the Re-settlement Bill—forget all history; you heard Mr. Brahmanand Reddy speak about his biography; I do not want to discuss people's biography; All of us can discuss each other's biography—only last year in the Legislative Council called Mr. B.K. Nehru an agent of India. He went further and said : Either sign the Re-settlement Bill or resign. This is Gul Shah. So, puppets have their uses and puppets also know the cock a snook...

(*Interruptions*)

He said : If at all such a recommendation was made by the Governors Committee, in our view...

SHRI P.V. NARASIMHA RAO : Go to some other point.

SHRI GEORGE FERNANDES : I want you to reply to this. I want to know whether you agree with this kind of a total dismissal of the recommendations of the Governors Committee made to the President of India.

I have made my points in sofaras constitutional and legel propriety of this matter is concerned.

The last point that I want to make is in the context of what is happening today in Jammu & Kashmir. You have been taking recourse to every conceivable means to browbeat people. Yesterday, there was an incident in the Legislators Home where muscleman moved in and started beating up legislators. I have received a letter from one of the legislators just now saying that he has received a letter that he would be killed if he supports Farooq Abdullah's side on the day of trial of strength i.e. 31st. There is nothing in terms of using money, using muscle, using State power that you have not done since the day you decided that the Ministry should go. Your Mufti made an announcement on 25th of June which appeared in the newspapers on 26th of June, that very soon you are going to have a very pleasant surprise insofaras J & K Government is concerned That surprise came on the 2nd. Between 2nd and 19th you had to run your Government by imposing curfew in the capital city of Srinagar. Your Ministers could not go out. Your Ministers dare not go out. Your Ministers where scared of the the people on whom they wanted to rule. I was an eye-witness to the situation there. There were other colleagues of mine who were also eye-witnesses. Members of Parliament, General Secretaries and Presidents of political parties were confined to house arrests in the capital city of Srinagar. Subsequently, when I was in Srinagar; I was an eye-witness to the situation prevailing there.

But for the presence of the paramilitary, and to some extent the presence of the army, the Gul Shah Ministry in the first place could not be installed and in the second place it can not survive. So, I do not know whether any kind of a request to the Home Minister is going to make any sense or evoke any response because of what I have quoted in terms of your Prime Minister's letter to Syed Mir Qasim, a Member of the Parliamentary Board of the Party. I only want to sound a note of warning. You have taken Jammu and Kashmir back to 1953. You are trying to re-enact history, but a very great man said about the history that first it is not repeated, but should it repeat, it repeats as a fall. So, please do not play with the lives of the people of Jammu and Kashmir. The Leader of your Legislative Party Mr. Iftikhar Ansari said that when we removed Sheikh Abdullah in 1953—of course, when he said 'we', he was not a part of the 'we' then—1,500 people had died then and now nobody has died. It shows that everybody has accepted what has happened. This was Mr. Ansari's statement that 1,500 people died when Sheikh was removed in 1953. It is to the credit of a man called Dr. Farooq Abdullah that he has brought the Kashmiri people into the mainstream of Indian party politics. He made slight his alliance with the Opposition, he made slight his campaigning for the Opposition though you would welcome his campaigning you as you did in 1980 and again in the Municipal elections right here in 1983. Just before the General Elections, you held the Municipal elections here in April or May 1983 and he came and campaigned for you and his votes were decisive, his support to you was decisive to give the Delhi Metropolitan Council and the Delhi Municipal Corporation in your hand. Don't try to erase these things. Don't disown even if you want to condemn a man, don't disown your own part because that it is a part of history, that is a part of your past.

SHRI SOMNATH CHATTERJEE : Shameless people.

SHRI GEORGE FERNANDES : Farooq Abdullah had succeeded in doing

what nobody before him was able to do to get the people of Jammu and Kashmir into the mainstream of India's party politics. Please do not create conditions in Jammu and Kashmir. I know it may suit your Prime Minister's political strategy, both short-term and long-term...

(*Interruptions*)

I charge the Prime Minister...

(*Interruptions*)

Punjab example is an eloquent example, Jammu and Kashmir is an eloquent example of this...

(*Interruptions*)

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF INFORMATION AND BROADCASTING (SHRI GHULAM NABI AZAD) : That shows that we are already in...

(*Interruptions*)

THE MINISTER OF PARLIAMENTARY AFFAIRS, SPORTS AND WORKS AND HOUSING (SHRI BUTA SINGH) : Don't insult the people of Jammu & Kashmir are more patriotic than anybody else...

(*Interruptions*)

SHRI GEORGE FERNANDES : So, it is my charge that in Punjab and Jammu and Kashmir, the Prime Minister is following the policy of national disintegration...

(*Interruptions*)

SHRI GHULAM NABI AZAD : It is a charge against your friend and not against the people of Jammu and Kashmir. Don't give a wrong statement...

(*Interruptions*)

People of Jammu and Kashmir are more patriotic than anybody else...

(*Interruptions*)

This is a charge against your friend and his party, not against the people of Jammu and Kashmir...

(*Interruptions*)

SHRI GEORGE FERNANDES : I would conclude by saying that if Farooq Abdullah had to go for all the things that some of them are now trying to say, even while they are discussing about the family and so on and so forth...

(*Interruptions*)

Someone made a mention that arms came, someone made a mention that Sikh Students Federation chaps were found, someone made a mention that some aircraft was hijacked. How many aircrafts have been hijacked in India ? Whose governments were there when aircrafts were hijacked ?...

(*Interruptions*)

In Darul Shafa in Lucknow, there are sign boards showing : I am an MLA, I hijacked...

(*Interruptions*)

PROF. MADHU DANDAVATE : Madam, give your tender protection to him...

SHRI GEORGE FERNANDES : If Shri Farooq Abdullah had to go for the so-called crimes, which he did not commit, but which he is alleged to have commited, the Government of Shri Darbara Singh should have gone first and, thereafter, the Government of Mrs. Indira Gandhi should have gone next, before the Government of Shri Farooq Abdullah is dismissed, because it is your party, it is your government, it is your Prime Minister who is today the biggest de-stabilising factor in the country's politics, the biggest factor bringing about disintegration of the country. So, I would submit that if one Government has to go, it is this Government which has to go.

[Shri George Farnandes]

THE MINISTER OF HOME AFFAIRS (SHRI P.V. NARASIMHA RAO) : Madam, before you call the next hon. Member, I would like to share some latest information on Kashmir.

Acting Chief Justice of Jammu and Kashmir High Court, Shri Adarsh Saini Anand today held that the 12 National Conference legislators, who withdrew support to the dismissed Chief Minister, Shri Farooq Abdullah, and extended support Chief Minister Shri G.M. Shah on July 2nd, to enable the latter to form an alternative government, had not incurred any disqualification.

(*Interruptions*)

I am only reading what came in the ticker...

(*Interruptions*)

The next one is still more interesting. While the High Court is saying they have not incurred disqualification, the Jammu and Kashmir Assembly Speaker, who has absolutely no power to do anything, it is the High Court...

An hon. Member : Let us know what it is; not your opinion.

SHRI P.V. NARASIMHA RAO : It says :

Shri Wali Mohammad Itto today disqualified certain members of the National Conference who have extended support to the Chief Minister, Shri G.M. Shah, from being members of the State Legislative Assembly...

(*Interruptions*)

I do not want to comment on this.

THE MINISTER OF PARLIAMENTARY AFFAIRS, SPORTS AND WORKS & HOUSING (SHRI BUTA SINGH) : Madam, I have a request to make. Since the hon. Members are taking much longer time and there is a large number of hon. Members who want to participate in this debate, it will not be possible for us to conclude it today Therefore, it may be continued tomorrow.

MR. CHAIRMAN (DR. RAJENDRA KUMARI BAJPAI) : As a large number of hon. Members want to speak on this subject, the debate will continue tomorrow.

SOME HON. MEMBERS : Agreed.

SHRI INDRAJIT GUPTA (Basir bat) : This decision should be final. It should not be changed again.

MR. CHAIRMAN : It is final.

SHRI INDRAJIT GUPTA : Last time, we were told that the discussion will continue the next day and then it was concluded the same day.

MR. CHAIRMAN : It will continue.

ऊर्जा मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री आरिफ मोहम्मद खां) : इससे पहले कि मैं अपनी बात शुरू करूं, अभी अभी जब माननीय गृहमन्त्री जी ने इस माननीय सदन को सूचित किया, कश्मीर हाई कोर्ट के निर्णय के बारे में और कश्मीर असेंबली....

मैं जार्ज साहब से कह रहा था और वे ही जा रहे हैं। मैंने देखा कि माननीय सदस्यों में स्पीकर के निर्णय के बारे में तालियां बजाकर उसका स्वागत किया। मैं यह सोच रहा था कि अगर वही निर्णय इन माननीय सदस्यों पर लागू होने लगे जो कश्मीर असेंबली के स्पीकर ने दिया है तो कितने दिन पहले माननीय जार्ज फर्नान्डिस इस सदन की सदस्यता से वंचित हो गए होते और कितने दिन पहले यह फैसला और दूसरों पर लागू हो गया होता।

व्यवधान पैदा करने पर मुझे कोई एतराज नहीं है। लेकिन, इस तरह व्यवस्था पैदा करें

कि मैं सुन सकूं और और जवाब दे सकूं (व्यवधान) मैं समझता हूं कि सारी समस्या यह है कि कश्मीर की समस्या को कश्मीर में होने वाली घटनाओं को, खासतौर से हमारे विपक्ष के माननीय सदस्य या तो केवल अपने मित्रों के या उन अखबारों के माध्यम से सुनना चाहते हैं, जिनको उचित और अनुचित, हर तरह से केन्द्रीय सरकार की आलोचना करनी है। अगर विपक्ष के माननीय सदस्यों ये यह तकलीफ गवारा की होती कि श्रीनगर वैली में या वहां के दूसरे हिस्सों में जाकर वहां की घटनाओं के अध्ययन करने का प्रयास करते। मुझे विश्वास है कि उन्हें भी दूसरे का दुख देखकर दुख होता। अगर वे भी भारत विरोधी गतिविधियां देखेंगे तो उन्हें भी चिंता होगी। इस बात पर वे भी सहमत होंगे कि आतंकवादियों को संरक्षण न दिया जाए। मेरा, उनसे यह निवेदन है कि वे थोड़ा काश्मीर की स्थिति के बारे में अध्ययन करें। आज, फारूक साहब से भी मुझे हमदर्दी हो रही है और मैं आपके माध्यम से उनके प्रति हमदर्दी व्यक्त करना चाहता हूं। फारुक अब्दुल्ला साहब की डिसमिसल को लेकर जब इस सदन में चर्चा होती है तो विपक्ष के सदस्यों की कुल तादाद इस वक्त कितनी है? इस विषय पर उनकी ओर से कोई भी पहले स्तर का नेता बोलने नहीं जा रहा है। हरेक पार्टी ने अपने दूसरे और तीसरे स्तर के सदस्यों को बोलने के लिए लगाया है। जार्ज साहब तो खुद बोलकर चले गए और विपक्षी दल ही क्यों खुद नेशनल कान्फ्रेंस के तीन सदस्य हैं। उनमें से सिर्फ सोज साहब मौजूद हैं। बाकी दो सदस्य मौजूद नहीं हैं।

PROF. SAIFUDDIN SOZ : Mr. Kabuli is in Srinagar and Mr. Kochak has left for Huj.

श्री आरिफ मोहम्मद खां : जब नेशनल कान्फ्रेंस के सदस्यों को ही दिलचस्पी नहीं है तो दूसरे विपक्ष के सदस्यों को कैसे हो सकती है! सही बात कहने के लिए मन में शंका है, इसलिए इस मामले पर इस प्रकार का ठंडा रवैया है। जार्ज साहब को मैंने बहुत रोका, लेकिन वे फिर भी उठकर चले गए। जब इस ओर से माननीय सदस्य ने कुछ बात कहने की कोशिश की तो माननीय जार्ज साहब ने कहा :

> "It is beyond you. We are discussing Jammu and Kashmir. This is not sugar."

मैं उनसे बिल्कुल सहमत हूं। अधिकार सबसे ज्यादा जार्ज साहब को हैं, इसलिए कि यह विषय ऐसा है जिसमें हिंसा, घरों में आग लगाने, मासूमों की जान लेने, पुल उड़ाने, सरकारी सड़कों और सम्पत्ति को नुकसान पहुंचाने के किस्से हैं। तो, निश्चित ही कोई व्यक्ति सबसे ज्यादा अधिकारी है, इस विषय पर चर्चा करने का तो वह माननीय जार्ज साहब हैं। इसलिए कि उनका इतिहास इस बात से मिला-जुला है, सरकारी सम्पत्ति, रेलवे ट्रैक और मासूमों तथा निहत्थे लोगों को नुकसान पहुंचाना। लेकिन, चर्चा करने के बाद उनको थोड़ी देर के लिए रुकना चाहिए था और सुनना चाहिए था। उसको भी सुनना चाहिए था।

सभापति महोदय, मैं इस मामले के संवैधानिक पहलू में नहीं जाना चाहता। हमारी पर्टी की महामंत्री, डा० राजेन्द्र कुमारी वाजपेई ने उस पर काफी रोशनी डाली है।

श्री रामावतार शास्त्री (पटना) व्यक्तित्व तो एक ही है।

श्री आरिफ मोहम्मद खां : मैं संवैधानिक पहलुओं में नहीं जाना चाहता, उस पर काफी चर्चा हो गई। मैं समझता हूं कि शायद अपोजीशन के माननीय सदस्यों के मन में कहीं यह धारणा है कि कांग्रेस (आई) की जिम्मेदारी

[श्री आरिफ मौहम्मद खां]

केवल देश और प्रदेशों की सरकारें चलाने की ही नहीं है, बल्कि यह भी जिम्मेदारी है कि हम विरोधी दलों को भी अच्छे तरीके से चलायें। अगर आपके अपने दलों के अन्दर झगड़े और बटवारे होते हैं, अगर सरकार की या कहीं नेता की निष्क्रियता के कारण वहां के सदस्य उस नेता और सरकार से नाराज होते है, तो क्या आप इसे हमारी जिम्मेदारी यह समझते हैं कि हम उन सदस्यों को जबरदस्ती पकड़ कर रखें ?

मेरे पास श्रीनगर से ही निकलने वाले अखबार की कापी है, और सोज़ साहब मुझ से तहमत होंगे कि वह अखबार फारूक अब्दुल्ला का विरोधी नहीं है, बल्कि उसका मालिक फारुक अब्दुल्ला का नजदीकी रिश्तेदार ही नहीं है बल्कि समर्थक भी है। उस अखबार का नाम है "आफताब" मैं जितना पढ़ता हूं उस अखबार को मैंने हमेशा उसको फारूक अब्दुल्ला का समर्थक पाया और अपनी उसी समर्थन की भावना के साथ उसके एक सम्पादकीय लिखा, यह आज से 6 महीने पहले का संपादकीय है, यह लिखता है कि जिस तरह 1953 में शेख साहेब को सरकार से हटाया गया था आज अगर उसी तरह की स्थिति पैदा होती है, फारूक अब्दुल्ला को सरकार से हटाया जाता है तो उसके परिणाम क्या होंगे ? अखबार लिखता है शेख साहब ने अपने आपको कश्मीर और कश्मीरी लोगों के लिये समर्पित रखा, शेख साहब का बहुत बड़ा व्यक्तित्व था, लेकिन उन्होंने अपने आपको कश्मीर और कश्मीरी लोगों के लिये समर्पित रखा और उनकी भलाई के लिये काम करते रहे। फारुक अब्दुल्ला ने चीफ मिनिस्टर बनने के बाद, उन्होंने विपक्ष के कानक्लेव वर्ड अटैंड किये हैं, उन्होंने मुल्क के दूसरे हिस्सों में जाकर जन सभाओं में हिस्सा लिया है, लेकिन उन्होंने कश्मीर के गरीब लोगों की हालत सुधारने के लिये या वहां के ऐडमिनिस्ट्रेशन को ठीक करने के लिये कोई ध्यान नहीं दिया और अखबार लिखता है कि अगर 1953 की तरह फारुक अब्दुल्ला को अगर सत्ता से हटाया गया तो यह मुमकिन है कि देश के दूसरे हिस्सों में उस पर प्रोटेस्ट किया जाय, लेकिन कश्मीर के अन्दर स्थिति यह है कि अगर फारूक अब्दुल्ला हटाये गये तो यहां पर कोई उस पर किसी किस्म की मुखालिफत या एतराज नहीं करेगा .....(व्यवधान)

प्रो० सैफुद्दीन सोज़ (बारामूला) : दो हफ्ते के लिये जो वहां करफ्यू लगा वह इस बात को गलत साबित करता है।

श्री आरिफ मोहम्मद खां : यह मेरा आरोप नहीं है, यह फारूक अब्दुल्ला की नेशनल कान्फ्रेंस के राज्य सभा के एक माननीय सदस्य के छोटे भाई जिस अखबार के मालिक है, जो रात दिन फारूक की तारीफ में अखबार छापते हैं, यह उस अखबार का सम्पादक है और उसने अपने सम्पादकीय में यह लिखा है जो मैंने आपको बताया। .....

प्रो० सैफुद्दीन सोज : दो हफ्ते का करफ्यू जो लगा वह क्या साबित करता है।...

सभापति महोदय : (डा० राजेन्द्र कुमारी वाजपेई) : आप बैठिये, आपको बोलने का मौका मिलेगा।

सभापति महोदया : आप बैठिए, आपको जब बोलने का मौका मिलेगा तो उस वक्त आप बोलियेगा।

SHRI ARIF MOHAMMAD KHAN : I am not yielding at the moment. Please let me complete what I want to say.

सभापति महोदया : जब वे खड़े हैं, बोल रहे हैं, तो आप बीच में इंटरप्ट मत कीजिए।

श्री आरिफ मोहम्मद खां : उसी अखबार ने अपनी हमदर्दी की भावना से फारूख अब्दुल्ला साहब को यह मशवरा दिया कि खुदा के वास्ते काश्मीर के मामले में ज्यादा दिलचस्पी लीजिए, कश्मीर के हालात खराब हो रहे हैं, उन हालात को सुधारिये, कश्मीर के इंतजाम को ठीक कीजिए, कश्मीर के एडमिनिस्ट्रेशन को ठीक कीजिए, यहां के लोगों के हालत को ठीक बनाईये । लेकिन फारूख साहब को हालात को ठीक करने की बजाए उन बम्बई से आने वाली फिल्मी कलाकारों को मोटर साईकिल पर बिठा कर घुमाने का शौक ज्यादा था और वे पहलगाम में बम्बई से आने वाली उन फिल्मी आर्टिस्टस को मोटर साईकल पर पीछे बिठा कर सुबह से शाम तक चक्कर लगाया करते थे । लेकिन कश्मीर के गरीब लोगों के लिए, कश्मीर के किसानों के लिए, कश्मीर के लिए कुछ नहीं किया ।

PROF. SAIFUDDIN SOZ : Is it relevant to the discussion ?

सभापति महोदया : जब आपको मौका मिलेगा तो आप पोजीशन क्लिअर कर दीजिए। अभी आप बैठिए ।

एक **माननीय सदस्य** : उस फिल्मी कलाकार का नाम भी बता दीजिए ।

श्री आरिफ मोहम्मद खां : कलाकार का नाम मैं नहीं बताऊंगा ।

SHRI ARIF MOHAMMAD KHAN : I think he has not followed.

What I was saying is he was more interested in roaming around with film personalities of Bombay.

उन्हें पीछे मोटर साइकल पर बैठाकर गांव में घुमाने का शौक ज्यादा था ।

MR. CHAIRMAN (Dr. Rajendra Kumari Bajpai) : You may please hear him. Do not interfere. You will get your own time.

श्री आरिफ मोहम्मद खां : सभापति जी, अगर माननीय सदस्य को मेरे ऐसा कहने पर ऐतराज है ···(**व्यवधान**)

प्रो० सैफुद्दीन सोज : एन्टी डिफैक्शन लॉ के बारे में सुप्रीम कोर्ट की ओपिनियन भी देख लीजिए ···(**व्यवधान**)

پروفیسر سیف الدین سوز : اینٹی ڈی فیکشن لا کے بارے میں سپریم کورٹ کی اوپینین بھی دیکھ لیجئے۔

सभापति महोदया (डा० राजेन्द्र कुमारी बाजपेयी) : माननीय सदस्य, जब आप बोलेंगे तो अपने कानून और सब बातों के बारे में बता दीजिए, आपको मौका मिलेगा । आप बीच में क्यों इन्टरप्ट कर रहे हैं ।

श्री आरिफ मोहम्मद खां : सभापति जी, मुझे इस बात में कोई दिलचस्पी नहीं है कि बम्बई के किस फिल्मी कलाकार को वे पीछे अपनी मोटर साइकल पर लेकर घुमाते थे या बम्बई के किस कलाकार के गले में हाथ डालकर नाचते थे । फिल्मी मैगजीनों में जो फोटो छपे हैं मुझे उनमें भी कोई दिलचस्पी नहीं है । यदि माननीय सदस्य को कोई ऐतराज है तो मैं माफी मांग लेता हूं इसलिए कि इन बातों में वे किस के साथ नाचते है और पीछे बिठाकर पहलगांम की सैर करवाते हैं । मुझे कोई (**व्यवधान**) दिलचस्पी नहीं हैं ।

PROF. SAIFUDDIN SOZ : Madam this is not relevant. He is talking about the private life of Dr. Farooq.

श्री आरिफ मोहम्मद खां : मैं तो यह कह रहा हूं कि फारूख अब्दुल्ला साहब ने खुद अपने इंटरव्यू में कहा है कि चूंकि वे नौजवान हैं

[श्री आरिफ मोहम्मद खां]

इसीलिए नौजवानी के काम करते हैं। इसीलिए मुझे लोग डिस्को चीफ मिनिस्टर कहते हैं। यह मैं नहीं कह रहा हूं।

प्रो० सैफुद्दीन सोज : यहां पर डिस्कशन किस चीज पर हो रही है और आप उसको कहां ले जा रहे हैं।

پروفیسر سیف الدین سوز : یہاں پر ڈسکشن کس چیز پر ہو رہی ہے اور آپ اس کو کہاں لے جا رہے ہیں۔؟

श्री आरिफ मोहम्मद खां : मैं सोज साहब से निवेदन करूंगा.....(व्यवधान)

प्रो० सैफुद्दीन सोज : आप मेहरबानी करके कानून को कुछ पढ़ने की कोशिश कीजिए। आप जो कुछ कह रहे हैं उसका इस विषय से कोई रैलेवैंस नहीं है। आप जम्मू काश्मीर का कांस्टीट्यूशन ही देख लीजिए। यदि उस पर डिस्कशन करते हुए ऐसी बातें कही जा सकती हैं तो हमें भी ऐसा कहने का मौका मिलना चाहिए, मैं भी वैसी बातें करूंगा.....(व्यवधान)

सभापति महोदया (डा० राजेन्द्र कुमारी बाजपेयी) : अच्छा ठीक है, बैठ जाइये।

श्री आरिफ मोहम्मद खां : यदि मैंने कोई आरोप लगाये हों तो आप निशानदेही कर दीजिए, मैं माफी मांग लूंगा।

PROF. MADHU DANDAVATE : I want to know from the hon. Minister whether roaming about with the artists is an anti-national act ?

MR. CHAIRMAN (Dr. Rajendra Kumari Bajpai) : He is not saying that it is an anti-national act. He is saying that he was doing all these things.

PROF. SAIFUDDIN SOZ : That is not relevant.

SHRI HARIKESH BAHADUR : What other leaders are doing in this country—we know many things.

پروفیسر سیف الدین سوز : آپ مہربانی کر کے قانون کو کچھ پڑھنے کی کوشش کیجئے، آپ جو کچھ کہہ رہے ہیں اس کا اس وشے میں کوئی ریلیونس نہیں ہے، آپ جموں کشمیر کا کانسٹی چیوشن ہی دیکھ لیجئے یدی اس پر ڈسکشن کرتے ہوئے ایسی باتیں کہی جا سکتی ہیں تو ہمیں بھی ایسا کہنے کا موقع ملنا چاہیئے میں بھی ویسی بات کروں گا۔

सभापति महोदया : अब आप दूसरे पायंट पर आइए।

श्री आरिफ मोहम्मद खां : अब मैं उसको इलैबोरेट नहीं करूंगा।

आफताब अखबार में छपने वाले सम्पादकीय में मुख्य मंत्री को यह परामर्श दिया गया है कि आप स्टेट एडमिनिस्ट्रेशन की तरफ ध्यान दीजिये। उस संदर्भ में मैंने यह बात कही, वर्ना जैसा कि मैंने पहले कहा है, मुझे उसमें बिल्कुल दिलचस्पी नहीं है।

प्रो० सैफुद्दीन सोज : उसी अखबार के 3 जुलाई और 4 जुलाई के एडीटोरियल भी पढ़ कर सुनाइए। उसने कहा है कि हिन्दुस्तान में जम्हूरियत का कत्ल हो गया है और एक निहायत हरदिल-अजीज चीफ मिनिस्टर को बरखास्त कर दिया गया है।

پروفیسر سیف الدین سوز : اسی اخبار کے ۳ جولائی اور ۴ جولائی کے ایڈیٹوریل بھی پڑھ کر سنائیے، اس نے کہا ہے کہ ہندوستان میں جمہوریت کا قتل ہو گیا ہے اور ایک نہایت ہر دلعزیز چیف منسٹر کو برخاست کر دیا گیا ہے۔

(व्यवधान)

सभापति महोदय : मैं आनरेबल मेम्बर्स से दरख्वास्त करूंगी कि वे आरिफ साहब को को बोलने दें। बाद में उनको वक्त मिलेगा, तब वे इन बातों को एक्सप्लेन कर दें। आप बीच में न बोलिए। आप बार-बार बोलते हैं, यह बहुत गलत है।

श्री आरिफ मोहम्मद खां : अब मैं उन बातों की तरफ आता हूं, जिन पर मुझे एतराज है। अभी कांग्रेस के आफिशल आर्गन की बात हो रही थी। जिस नेशनल कांफ्रेंस के नेता फारूक अब्दुल्ला हैं, उनका आफिशल आर्गन है नवाए सुबह। इसमें हैडिंग है "नेशनल कांफ्रेंस की कामयाबी आपके कौमी तशख्खुस की जामिन है।

This is in Urdu. I may be allowed to translate it in English :

"The success of National Conference alone can ensure your national entity.

PROF. SAIFUDDIN SOZ : It is absolute distortion.

श्री आरिफ मोहम्मद खां : अगर कोई उर्दू जानने वाला इस उर्दू के हैडिंग का कोई दूसरा अनुवाद कर दे, तो मैं बड़ी से बड़ी सजा भुगतने के लिये तैयार हूं।

डा० सैफुद्दीन सोज : मैं बताऊंगा।

پروفیسر سیف الدین سوز : میں بتاؤں گا

श्री आरिफ मोहम्मद खां : कौमी तशख्खुस कहते हैं नेशनल पर्सनेलिटी को। काश्मीर नेशनल पर्सनेलिटी नहीं है काश्मीर हिन्दुस्तान का हिस्सा है।

डा० सैफुद्दीन सोज : जरूर है।

پروفیسر سیف الدین سوز : ضرور ہے۔

श्री आरिफ मोहम्मद खां : हिन्दुस्तानी नेशनलिज्म हैं और काश्मीर हिन्दुस्तानी कौम का हिस्सा है।

एक माननीय सदस्य : आर्टिकल 370।

श्री आरिफ मोहम्मद खां : आर्टिकल 370 भी नेशनल पर्सनेलिटी की बात नहीं करता। आर्टिकल 370 केवल ज्यादा स्वायतता और ज्यादा आटानामी देता है।

लेकिन सिर्फ कश्मीर का ही सवाल नहीं है। हमारे संविधान में कई और एरियाज के लिए विशेष प्रावधान किए गए हैं।

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : और कोई नहीं है।

श्री आरिफ मोहम्मद खां : अगर आपको पता न हो, तो छोटा नागपुर है, विदर्भ है।

I am not talking of article 370. I am only talking about the special provisions made in the Constitution about certain specific areas.

उन एरियाज के विशेष हालात को देखते हुए विशेष प्रावधान किए गए हैं।

PROF MADHU DANDAVATE (Rajapur) ; It only means Kashmir is a national personality and not anti-national personality. That is all.

श्री आरिफ मोहम्मद खां : इनकी सारी समस्या यही है कि श्रीमती गांधी के विरोध का ऐसा चश्मा इन्होंने लगाया है कि अगर कहीं राष्ट्रविरोधी हरकतें भी हो रही हों, तो वे भी इनको नजर नहीं आती हैं। अगर इन्हें लगता है कि अमुक व्यक्ति श्रीमती इन्दिरा गांधी का विरोधी है, भले ही वह राष्ट्र-विरोधी ही, तो ये उसका भी समर्थन करने के लिए तैयार हैं। इसका मेरे पास कोई इलाज नहीं है।

[श्री आरिफ मौहम्मद खां]

माननीय श्री वाजपेयी सिर हिला रहे हैं। मैं उनका बड़ा सम्मान और इज्जत करता हूं। वह बहुत सक्षम वक्ता हैं और मैं हमेशा कोशिश करता हूं कि कुछ थोड़ा बहुत उनसे सीख सकूं। एक दिन मैं इस सदन में था। कोई यह न कह दे कि यह कैसे रेलिवेट है। मैं इस संदर्भ में बात कह रहा हूं।

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : वह काश्मीर पर नहीं, मुझपर बोल रहे हैं।

श्री आरिफ मौहम्मद खां : आप स्वागत करेंगे। आप हमेशा बड़े दयालु हैं इस मामले में।

जब माननीय प्रधान मंत्री जी ने इस सदन में आ कर इत्तिला दी कि पहला भारतवासी अंतरिक्ष में पहुंच गया है, तो पूरे सदन ने मेजें थपथपा कर उस खबर का स्वागत किया। श्री बाजपेयी भी इस सदन में मौजूद थे। लेकिन बाद में वह कानपुर पहुंचे। कानपुर में यह जन-सभा के सामने भाषण दे रहे से। मेरा चुनाव क्षेत्र है वहां पर श्री वाजपेयी ने कहा :

श्री राकेश शर्मा को अन्तरिक्ष में भेजने से कोई लाभ नहीं हुआ। इस से रूस को जरूर लाभ हुआ।....

यह किसी छोटे-मोटे अखबार में नहीं निकला है, दैनिक जागरण में है जो हिन्दुस्तान के बड़े अखबारों में एक अखबार है और आप की फोटो भी है। आप उससे नाराज नहीं होंगे। आप ने कहा :

"इस से रूस का ज्यादा प्रचार हुआ। आज आवश्यकता है कि राकेश शर्मा को अन्तरिक्ष में न भेज कर सेवा योजना कार्यालय में चक्कर काटने वाले राकेश शर्मा को रोजगार उपलब्ध

यह मैं नहीं कह रहा हूं। यह दैनिक जागरण कह रहा है। आपकी अनुमति होगी तो मैं इसे सदन के पटल पर रखूंगा।

सभापति महोदया : आप काश्मीर पर बोलिए।

श्री आरिफ मौहम्मद खां : मेरा यह बताने का उद्देश्य केवल इतना ही था कि हमारे विपक्ष में बैठने वाले माननीय सदस्य बड़े विद्वान हैं, बहुत ज्ञानी हैं, सब बातों को जानते हैं, लेकिन विपक्ष में बैठने का धर्म यह मानते हैं कि हर बात को जिस में कहीं सरकार का विरोध होता हो उसको समर्थन दिया जाय और इस बात का देखने की चेष्टा नहीं करेंगे कि कहीं इससे राष्ट्र हितों का तो विरोध नहीं हो रहा है। यह कोई नयी बात नहीं है। महाभारत की लड़ाई में यही जवाब भीष्म पितामह ने दिया है। वह जानते थे कि सच्चाई क्या है लेकिन कौरवों के साथ रहने पर मजबूर थे। आप की भी मजबूरी है। आप जानते हैं कि सक्चाई क्या है लेकिन आप कौरवों के साथ रहने पर मजबूर हैं। इसलिए आप अपना विपक्ष का धर्म निर्वाह कर रहे हैं। मुझे कोई एतराज नहीं है।

मैं तो विशेषतः उन बातों की तरफ आना चाहता हूं जिन पर मुझे एतराज है। जैसे मैंने अभी बताया यह कहा नेशनल कान्फ्रेंस को काश्मीर का तशख्बुस-यानी काश्मीरियों में अलाहदगी की भावना पैदा करना, काश्मीरियों को यह कहना कि तुम्हारी नेशनल आइडेंटिटी है, यह प्रचार करना—यह प्रचार बड़े सुनियोजित ढंग से नेशनल कान्फ्रेंस के जरिए काश्मीर में किया गया। मैं इसमें कोई मोटिव या नीयत की बात नहीं कहना चाहता कि नीयत कहीं खराब है, लेकिन बदकिस्मती से लोगों में कहीं यह धारणा है, अभी चित्त बसु जी जब बोल रहे थे तो उन्होंने आखीरी सेन्टेंस में यह

"It will strengthen the democratic and secular forces in Jammu and Kashmir and it will strengthen the democratic and secular forces in India."

तो इन्डिया और जम्मू कश्मीर अलग-अलग नहीं हैं।

SHRI CHITTA BASU : What is wrong in it ?

श्री आरिफ मौहम्मद खां ; वह इसीलिए कहा, में कोई मोटिव इम्प्यूट नहीं कर रहा हूं मैं उस जुमले को बढ़ा ही देता हूं जो माननीय चित्त बसु जी ने कहा। मैं पहले ही कह चुका हूं कि उनकी नीयत पर में सुबहा नहीं कर रहा हूं। लेकिन मैं यह कहता हूं कि नेशनल कान्फ्रेंस वाले यह माहौल पैदा करने में कामयाब हुए हैं कि सब-कांशसली और अनकांशसली आदमी उस प्रोपेगंडे का शिकार हो जाता है जो प्रोपेगंडा उन्होंने किया है जिस के नतीजे में चित्त बसु जी जैसे प्रोगेसिव, लेफ्टिस्ट और सोशलिस्ट, हिन्दुस्तान की इंटीग्रिटी और यूनिटी के हामी, उन के मुंह से भी एकाध शब्द शायद अनकांशसली निकल गया :

"That will be a bridge between the secular and democratic forces of India and the secular and democratic forces of Jammu and Kashmir."

PROF. MADHU DANDAVATE : Only a grammatical mistake.

SHRI ARIF MOHAMMAD KHAN : If he had said, "it will be a bridge between the secular and democratic forces of Jammu and Kashmir and the rest of India", I can understand that; I can appreciate that.

PROF. MADHU DANDAVATE : That is what he means.

SHRI ARIF MOHAMMAD KHAN :

मैं आप पर बिलकुल सुबहा नहीं कर रहा हूं और उसी मामले को और आगे बढ़ा कर उसी मामले को और आगे बढ़ाया गया। यह सोज साहब की पार्टी का "नवाय-सुबह" आफिशियल आर्गन है।

श्री पी० वी० नरसिंह राव : यह सोज साहब का साज है।

श्री आरिफ मौहम्मद खां : माननीय गृह मंत्री जी ने ठीक फरमाया कि यह सोज साहब का साज है।

प्रो सैफुद्दीन सोज : हो सकता है, आपको हिदायत के रास्ते पर ला दे।

پروفیسر سیف الدین سوز : ہو سکتا ہے آپ کو ہدایت کے راستے پر لادے۔

श्री आरिफ मौहम्मद खां : आप तीन सदस्य थे, मैं समझता हूं कि दो हिदायत की राह पर आ गए हैं। आप एक रह गए हैं।

कांग्रेस-आई का नेशनल कांफ्रेंस का राजनीतिक झगड़ा हो सकता है। राजनीतिक विरोध हो सकता है, लेकिन इस अखबार में सबसे बड़ा कॉलम है-कांग्रेस आई ने काश्मीर में पैर जमाया तो आवाम पर पंजाब जैसे मजालिम तोड़े जायेंगे। यहां फारूख साहब कह रहे हैं, उस मीटिंग में जहा सरदार प्रकाश सिंह बादल मौजूद हैं, जहां तलवण्डी साहब मौजूद हैं, जहां टोहरा साहब मौजूद हैं, जहां पर बीबी राजेन्द्र कौर जी मौजूद हैं। ऐसे मौके पर, जब इन्हीं नेताओं के नेतृत्व में चलने वाला पंजाब में आंदोलन, बेबस और निहत्थे मासूम लोगों की जानें ले रहा था, उनके बीच में ऐसी सभा में जहां ये नेता मौजूद हों, वहां फारूख साहब कहते हैं-अगर कांग्रेस-आई ने काश्मीर में पैर जमाया तो पंजाब जैसे मजालिम आवाम पर काश्मीर पर तोड़े जायेंगे। मैं आपके माध्यम से माननीय सभापति जी,

[श्री आरिफ मौहमम्द खां]

जानना चाहता हूं कि वे क्या मजालिम थे जो जो सरकार ने पंजाब में तोड़े ? क्या जुल्म हैं, जो सरकार ने किया है ? पंजाब में उन्हीं लोगों के जरिए से जुल्म किए गए, जिनके बीच में खड़े होकर फारूख साहब यह बात कहते हैं। माननीय सभापति जी, मैं सरकार की तरफ से नहीं अगला जुमला कह रहा हूं, मैं अपनी निजी हैसियत से कह रहा हूं। आज से नहीं, बहुत दिनों से मेरा मत है कि आज तो फारूख साहब की सरकार के अपने गुनाहों के कारण, चूंकि उन के अपने सदस्यों में, अपनी पार्टी में, फूट पड़ गई, उनके पास पास बहुमत नहीं रहा, उसके कारण मजबूर हो कर काश्मीर के गवर्नर के पास कोई दूसरा तरीका नहीं रह गया था सिवाय उस सरकार को डिसमिस करने का। लेकिन हकीकत यह है कि जिस प्रकार से राष्ट्र विरोधी, भारत विरोधी, तत्वों को संरक्षण दिया गया; जिस प्रकार हिंसा में लगे हुए लिप्त लोगों को काश्मीर के अन्दर ट्रेनिंग दी गई, जिस तरह से पंजाब में एक्शन होने के बाद आतंकवादियों के खिलाफ कार्यवाही करने के बाद कश्मीर की घाटी में वहां रहने वाले अल्पसंख्यकों के घरों को, उनकी इबादत गाहों को जलाया गया, जिस तरह से उनके घरों में रात को आग लगाई गई, यह सरकार इस बात की अधिकारी थी कि इसको आज से नहीं बहुत दिन पहले डिसमिस किया जाना चाहिए था।

मेरा निश्चित मत है कि अगर इस प्रकार इस सरकार को कुछ दिन और रहने दिया गया होता, अगर यह सरकार कुछ और चल गई होती, अपना बहुमत खोने के आरोप में नहीं, बल्कि उन कामों के आरोप में, उन हरकतों के आरोप में जो हरकतें वहां पर की गई, उसके आरोप में इस सरकार को डिसमिस किया जाना चाहिए था।

माननीय सभापति जी, मैं आपके माध्यम से प्रो० सोज साहब से जानना चाहूंगा, इत्तिफाक से वे अकेले अधिकारी हैं ...

प्रो० सैफुद्दीन सोज : मैं अकेला कहां हूं, सारा अंजुमन है।

پروفیسر سیف الدین سوز : میں اکیلا کہاں ہوں، سارا انجمن ہے۔

श्री मूलचन्द डागा : दो और कहां गए हैं।

श्री आरिफ मौहम्मद खां : इसलिए कि वे इत्तिफाक से अपने दल के अकेले अधिकारी प्रवक्ता हैं। गैर अधिकारी प्रवक्ता तो इस सदन में अच्छे-खासे मिल जायेंगे, लेकिन अधिकार रूप से वे ही जवाब दे सकेंगे। इसलिए मैं जानना चाहूंगा, 6-7 जून को श्रीनगर में कितने घरों में आग लगाई गई ? मैं खास तौर से 6-7 जून की बात कर रहा हूं। उस हफ्ते में अमृतसर में एक्शन होने के बाद जो आतंकवादी वहां पनाह पा रहे थे, उन्होंने जब जलूस निकाला तो उनके साथ खालिस्तान का नारा लगाने वाले और पाकिस्तान जिन्दाबाद का नारा लगाने वाले कौन थे ? मैं यह भी जानना चाहूंगा कि क्या वहीं पर श्रीनगर के अन्दर आर्यसमाज मंदिर के अन्दर आग लगाई गई ? यह भी 6-7 जून का ही किस्सा है।

एक माननीय सदस्य : यह वाजपेयी जी को पता होगा।

श्री आरिफ मोहम्मद खां : वाजपेयी जी को उसमें दिलचस्पी नहीं। वाजपेयी जी को दिलचस्पी तब होती है, जब प्रधान मंत्री जी के विरोध में बात जाती हो।

श्रीनगर शहर के अन्दर कितनी इमारतों पर, खालिस्तान लिखा हुआ, खालिस्तान का

झण्डा लहराया गया और कितने समय तक वह झण्डा वहां लहराता रहा, सरकार की तरफ से या एडमिनिस्ट्रेशन की तरफ से उनको उतारने की कोशिश नहीं की गई।

80 साल की उम्र का एक नान-काश्मीरी साधु जो पिछले 15-20 सालों से वहीं शहर के नजदीक एक जगह पर तपस्या कर रहा था, उस की हत्या कर दी गई। काश्मीरी जुबान में साधु को ऋषि कहते हैं और इसका कांसेप्ट है-आपस में मुहब्बत, भाई-चारा। साधु और ऋषि को मानने वाले हिन्दू और मुसलमान दोनों हैं, ठीक इसी तरह से इस साधु के पास जाने वाले हिन्दू और मुसलमान दोनों थे। लेकिन उस को एक खास रंग देकर उसी दिन उस साधु की हत्या कर दी गई।

जम्मू डिवीजन में नानक नगर और पुंछ में···

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : जम्मू शहरों में।

श्री आरिफ मोहम्मद खां : मैं खाली जम्मू शहर की बात नही कह रहा हूं, डिवीजन की बात कर रहा हूं, जिस में पुंछ भी है, वहां पर बाकायदा इमारतों पर बोर्ड लगाए-जिन में लिखा गया-सिफारतखाना पाकिस्तान, सिफारतखाना खालिस्तान, सिफारतखाना यूनाइटेड स्टेट्स आफ अमरीका। कितने दिनों तक ये बोर्ड उन इमारतों पर लगे रहे, कितने दिनों तक यह इम्प्रेशन दिया गया कि यहां से पाकिस्तान, खालिस्तान और यूनाइटेड स्टेट्स आफ अमरीका के दूतावास कार्य कर रहे हैं ?

सभापति महोदय, ऐसी एक नहीं अनेक घटनाओं का जिक्र अखबारों में आता रहा है, मैंने उन एक का भी उद्धरण यहां नहीं सुनाया, वे घटनायें अपने आप में इतनी काफी थीं इस बात को साबित करने के लिए कि फारूख साहब न केवल ऐसे राष्ट्र विरोधी, भारत विरोधी तत्वों को संरक्षण दे रहे थे, बल्कि भारत के खिलाफ एक बहुत बड़ा प्रोपेगण्डा करने में लगे हुए थे, जिस से अलगाववादी भावना को ज्यादा से ज्यादा ताकत दे सकें।

यहां पर कांग्रेस (आई) लीडर्स के बारे में बहुत कुछ गया-जैसे-हम चैन से नहीं बैठेंगे जब तक इस सरकार को हटा नहीं देते। मैं यह कहना चाहता हूं-यह कोई हमारे कहने की बात नहीं थी, हम ने तो आरोप ही लगाया था कि नेशनल कान्फरेंस ने ईमान्दारी से चुन कर सरकार नहीं बनाई हैं, लेकिन सच्चाई यह है कि वहां पर हिंसा का वातावरण बनाया गया, जिस तरह से सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग किया गया, वह अपने आप में एक ऐसी मिसाल है जो दूसरी जगह नहीं मिल सकती। लेकिन अगर आप इजाजत दें—

(MR. DEPUTY SPEAKER in the chair)

उपाध्यक्ष महोदय, तो मैं एक ऐसे अखबार से, जो कांग्रेस-विरोधी अखबार है और लिखने वाला एक ऐसा आदमी है जो फारूख साहब समर्थक रहा है, जिस ने कई लेखों में उन का समर्थन किया है-एक उद्धरण पढ़ना चाहता हूं। यह 26 जनवरी, 1984 का इण्डियन-एक्सप्रेस हैं, और श्री एच० के० दूआ का लेख हैं, जो कांग्रेस (आई) समर्थक नहीं कहे जा सकते ···

DR. SUBRAMANIAM SWAMY : He is an objective journalist.

श्री आरिफ मोहम्मद खां : श्री सुब्रण्यम् स्वामी की राय में वह आब्जैक्टिव जर्नलिस्ट हैं। उन्होंने लिखा है—

"The National Conference rigged the election in several Constituencies. It

[श्री आरिफ मोहम्मद खां]

did not have to, Mr. Farooq Abdullah would still have a comfortable majority and form the Government. The Maulvi-Farooq alliance which in the State politics is known as 'Sher-Bakri alliance is an eye-sore for the Centre. The Maulvi has not accepted the State's accession to India."

श्री हरिकेश बहादुर : (गोरखपुर) प्रधान मंत्री, हमेशा उन को बुला-बुला कर बात करती रही हैं।

(व्यवधान)

श्री आरिफ मोहम्मद खां : उपाध्यक्ष जी, श्री हरिकेश बहादुर जो परेशान हैं, वह मैं समझ सकता हूं। इसलिए कि अभी एक ऐसा तथ्य जो इस देश के लोगों की जानकारी में नहीं आया था, वह यह है कि भिंडरवाला और फारूख अब्दुल्ला के बीच में जो आदमी उन के लिंक का काम कर रहा था, जिस ने उन्हें मिलवाया था, वह भिंडरावाला का विश्वस्त था और श्री हरिकेश बहादुर की पार्टी का सदस्य था, शाह वेग सिंह।

···(व्यवधान)···

मैं नहीं कह रहा हूं। शाह वेग सिंह ने अपने इन्टरव्यू में कहा है और यह दिल्ली से निकलने वाला अखबार है, "बीसवीं सदी।

SHRI HARIKESH BAHADUR : Sir, there is no member in our party called Shahbeg Singh. This is a baseless allegation. It is a serious allegation.

(*Interruptions*)

They are planting such people.

(*Interruptions*)

I deny this charge with all the force at my command.

MR. DEPUTY SPEAKER ; You will be given a chance and at that time you put forward your view point.

(*Interruptions*)

श्री आरिफ मोहम्मद खां : माननीय उपाध्यक्ष जी, मैं हरिकेश भाई की बहुत इज्जत करता हूं। मेरा उन के ऊपर कोई निजी आरोप नहीं है। यह आरोप भी नहीं है। मैं तो केवल दिल्ली से छपने वाले एक मासिक पत्र, जो उर्दू का लिटरेरी और पालीटीकल, सब से बड़ा अखबार हिन्दुस्तान का है "बीसवीं सदी" जिस का सर्कूलेशन एक लाख से भी ज्यादा है, जो हिन्दुस्तान के हर हिस्से में जाता है। उस में दिल्ली के उर्दू के बहुत ही सीनियर जर्नलिस्ट नाज अंसारी का इन्टरव्यू है जो उन्होंने संत हरचन्द सिंह लोंगोवाल और भिंडरावाला से लिया है और उस इन्टरव्यू को दिलवाने में शाह वेग सिंह ने मदद की है शाह वेग सिंह उन के साथ गये थे और शाह वेग सिंह ने नाज अंसारी से कहा है जब उन से पूछा गया कि क्या आप किसी राजनीतिक पार्टी के सदस्य हैं, तो नाज अंसारी ने 'बीसवीं सदी" में यह लिखा है कि शाह वेग सिंह ने यह कहा है कि मैं बहुगुणा साहब की डी० एस० पी० का मेम्बर हूं।

···(व्यवधान)···

श्री हरिकेश बहादुर : ये सब इन के आदमी हैं, जोकि दूसरों की इमेज मैलाइन कर रहे हैं।

(*interruptions*)

MR. DEPUTY SPEAKER : What would you like to say, Mr. Harikesh Bahadur ?

श्री हरिकेश बहादुर : मैं इन को बताना चाहता हूं कि हमारी पार्टी में शाह वेग सिंह नाम का कोई सदस्य नहीं है और इस तरह

के जो एजेन्ट आप लोग जगह-जगह पर प्लान्ट कर रहे हैं दूसरी पार्टियों के ऊपर इस तहर से गलत प्रचार करने के लिए और उन के ऊपर प्रहार करने के लिए, आप ऐसी हरकतों को बन्द कीजिए। वास्तविकता यह है कि इस देश के टुकड़े करने के लिए कांग्रेस पार्टी के नेताओं द्वारा जो राजनीति खेली जा रही है, वह बहुत खतरनाक है।

श्री आरिफ मोहम्मद खां : उपाध्यक्ष जी, इन के साथ मेरी सहानुभूति है लेकिन मुझे विश्वास है कि बहुगुणा जी की क्षमता से ये खुद भी परिचित हैं और यह जानते हैं कि वे हर काम इन से पूछ कर नहीं करते हैं।

...(व्यवधान)...

श्री हरिकेश बहादुर : इन्दिरा जी क्या आपसे पूछ कर हर काम करती हैं।

श्री आरिफ मोहम्मद खां : श्रीमन्, मैंने पहले कहा हैं कि यह कोई कांग्रेस समर्थक अखबार नहीं है। आम तौर पर कांग्रेस के खिलाफ ही इसमें छपता है और ऐसे जर्नलिस्ट का यह इन्टरव्यू है। यह बात उसी सिलसिले में निकली, तो मैंने कह दी। आप को बुरा नहीं मानना चाहिए और अगर बात गलत है, तो कान्ट्रडिक्शन अखबार में भेजना चाहिए।

श्री हरिकेश बहादुर : यह कौन सा अखबार है ?

श्री आरिफ मोहम्मद खां : यह 'बीसवीं सदी' अखबार है।

उपाध्यक्ष महोदय, आज से कई महीने पहले की बात है और सी० सी० आई० (एम) के माननीय सदस्य श्री बाला नन्दन ने उस को लेकर यहां पर बात कही थी। उन्होंने कहा था कि मेरे एक सहयोग मंत्री मंडल के सदस्य श्री गुलाम नबी आजाद और मैं उस प्रतिनिधि मंडल में शामिल थे, जिसमें काश्मीर के हमारे कुछ और सहयोगी भी थे। और हम राष्ट्रपति जी से जाकर मिले थे। राष्ट्रपति जी को हम लोगों ने अपना ज्ञापन दिया था। उस ज्ञापन में हमने यही शिकायत की थी कि आज कश्मीर वैली के अन्दर भारत-विरोधी, राष्ट्र-विरोधी तत्व सक्रिय हैं। उनको सरकारी संरक्षण दिया रहा है, उनको सम्मानजनक स्थिति दी जा रही हैं और उनको यहां तक सम्मान मिल रहा जबकि वे देश की एकता और अखंडता के लिए खतरा बन जाएंगे। उस ज्ञापन के बाद माननीय राष्ट्रपति जी ने भारत सरकार से पूछा और भारत सरकार ने कश्मीर सरकार से पूछा। मुजै आज तक याद है कि जब भारूख अब्दुल्ला से पूछा गया तो उन्होंने कहा कि "No secessionist activity in Jammu & Kashmir".

(व्यवधान)

कर्नाटक का जब मौका आयेगा तब उसको भी डिस्कस करेंगे। उसका भी इंतजार कीजिए। माननीय उपाध्यक्ष जी, यहां कर्नाटक के बारे में कोई मोशन नहीं है, इसलिए उसको कैसे डिस्कस किया जा सकता है

(व्यवधान)

When we will come to that, we will discuss it.

मुझे उम्मीद है कि मधु दंडवते जी इस चीज को उसी ह्यूमरस वे में लेंगे। जिस तरह ह्यूमरस वे में लेने के लिए वे ब्रह्मानन्द रेड्डी जी को कह रहे थे।

माननीय उपाध्यक्ष जी, फारूख अब्दुल्ला जी ने असेम्बली के अन्दर भी यह कहा था। जब भारत सरकार के गृह मंत्री ने पहली अप्रैल को उन्हें पत्र लिखा था, यह उसी दिन की बात

[श्री आरिफ मोहम्मद खां]

है। गृह मंत्री जी ने पत्र लिख कर यह जिता व्यक्त की थी कि कश्मीर में राष्ट्र-विरोधी तत्व सक्रिय हैं।

उस ज्ञापन को देने के बाद जब भारत सरकार की तरफ से थोड़ा-सा सख्त रवैया अपनाया गया और क्रिकेट मैच के मौके पर जो "पाकिस्तान जिंदाबाद" के नारे लगाये गये, के बारे में बताया गया और कहा कि ऐसी बातों को अब बर्दाश्त नहीं किया जायेगा तो उसके बाद एक दिन नहीं बल्कि कई दिनों तक गिरफ्तारियां होती रहीं और यह कहा गया कि एक्सट्रीमिस्ट्स और सेसेसनिस्ट्स को गिरफ्तार किया जा रहा है। मेरे कहने का मतलब यह है कि दो फरवरी को जब कोई एक्सट्रीमिस्ट और सेसेसनिस्ट नहीं था तो दस दिन के बाद किन लोगों को गिरफ्तार किया गया। अगर वह ज्ञापन हम राष्ट्रपति जी को नहीं देते जिसकी ओर भारत सरकार ने मुख्य मंत्री का ध्यान खींचा था तो ये कार्यवाहियां इसी तरह से वहां जारी रहती जिनसे कि आने वाले दिनों में देश की एकता और अखंडता को खतरा बन जाता।

यह जो Telegraph अखबार है, यह कांग्रेस समर्थक अखबार नहीं है। इसमें लिखा है—

> "Till yesterday over 150 member of Pakistanis and extremist elements had been arrested mostly under the Public Safety Act. The Awami Party head, led by Mr. Moulvi Farooq was left untouched."

यह खास तौर से ध्यान देने की बात है और केन्द्रीय सरकार का ध्यान दिलाने की बात है कि प्रो-पाकिस्तानी और सेसेसनिस्ट एलीमेंट्स के खिलाफ कश्मीर सरकार कार्यवाही कर रही है। प्रो-पाकिस्तानी और सेसेसनिस्ट दो-ढाई-सौ लोगों को बंद भी किया गया लेकिन मौलवी फारूख और उनके किसी भी आदमी को हाथ नहीं लगाया गया। अब मौलवी फारूख क्या हैं, इसके बारे में सभी माननीय सदस्य अच्छी तरह से जानते हैं, उनके बारे में में भी कह चुका हूं। अभी दो-चार दिन पहले सोज साहब ने जो कहा, उसकी तरफ मैं नहीं जा रहा हूं लेकिन यह सही है कि उन्होंने अपनी नेशनेलिटी बताने से इन्कार कर दिया था। जब उनसे पूछा गया कि आप हिन्दुस्तानी हैं तो उन्होंने कहा कि मैं यह नहीं बताऊंगा। यह खबर टाइम्स आफ इण्डिया में छप चुकी है।

